## प्रस्तावना

हीरो मोटोकॉर्प **स्प्लेंडर आईस्मार्ट प्रोग्राम्ड FI** वाहन चुनने के लिए धन्यवाद। हम कामना करते हैं कि आने वाले वर्षों में आपको कई मीलों तक निरंतर सवारी का आनंद मिलता रहे।

हीरो मोटोकॉर्प में हम, लगातार अपने पर्यावरण प्रदर्शन में बेहतरी दिखाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे कॉर्पोरेट सोच का महत्वपूर्ण अंग है. इसे हासिल करने के लिए हम हमारे उत्पाद में नए तौर-तरीक़े लाने में, पर्यावरण कानून सहित सभी लागू कानूनों का पालन करने में और हरियाली बरक़रार रखने को प्रतिबद्ध हैं।
आपका वाहन एमिशन, सुरक्षा और शोर के लिहाज़ से नयी (भारत स्टेज-VI नॉर्म्स) नियम के अनुरूप है। साथ ही हम नॉन एस्बेस्टस ब्रेक शूज़/पैडस और इंजन गैस्केट का भी इस्तेमाल कर रहे हैं, जो स्वाभाव में पर्यावरण के अनुकूल हैं।

यह वाहन एक लाइटिंग विशेषता से लैस है, जिसे "ऑटोमैटिक हेडलैंप ऑन" कहा जाता है. यह विशेषता सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा 22nd फरवरी 2016 की अधिसूचना GSR 188 (E) द्वारा सभी 2 व्हीलर्स के लिए अनिवार्य है। यह फीचर राइडर की सुरक्षा में सुधार के लिए मदद करता है। इंजन के चालू होने पर वाहन का हेडलैंप हमेशा ऑन रहेगा।

यह किताब आप के नए हीरो मोटोकॉर्प **स्प्लेंडर आईस्मार्ट प्रोग्राम्ड FI** के बेसिक ऑपरेशन और मेंटेनेंस में आप की मार्गदर्शक है। इसे ध्यान से पढ़ने के लिए समय निकालें। किसी भी मशीन के लिए सही देख-भाल और मेंटेनेंस ज़रूरी है, ताकि वो बेहतर प्रदर्शन दे और परेशानी से मुक्त रहे।

आपके अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प डीलर को अधिक जानकारी या सहायता प्रदान करने में ख़ुशी होगी और आने वाले दिनों में वो आप की सेवा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

आइए हम दुनिया को एक सुरक्षित, स्वस्थ और ज़्यादा पर्यावरण अनुकूल जगह बनाएं।

## नोट

सभी जानकारी, इलस्ट्रेशन, फोटोग्राफ, डायरेक्शंस, स्पेसिफिकेशन्स और बाक़ी चीज़ें जो ओनर्स मेनुअल में दी गयी हैं, वो इसके प्रकाशन के समय उपलब्ध सब से नवीनतम उत्पाद जानकारी पर आधारित हैं, और इसकी सटीकता या शुद्धता की गारंटी नहीं दी जा सकती।

हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड किसी भी समय बिना किसी सूचना और/या किसी बाध्यता के, अपनी सामग्री में बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड की पूर्व लिखित अनुमति लिए बिना किसी को भी इस प्रकाशन के किसी भी भाग को पुन: प्रकाशित करने की अनुमति नहीं है।

दिखायी गयी एक्सेसरीज़ स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं भी हो सकती हैं। यह हमारा प्रयास है कि हम अपने उत्पादों में लगातार सुधार करें। इससे बिना किसी अग्रिम सूचना के प्रोडक्ट स्पेसिफिकेशन में परिवर्तन हो सकता है। हीरो मोटोकॉर्प स्प्लेंडर आईस्मार्ट प्रोग्राम्ड FI नवीनतम एमिशन नॉर्म्स का पालन करता है।

## परिशिष्ट

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (भारत सरकार) की अधिसूचना G.S.R. 540(E) के अनुसार 31st अगस्त 2020 से मौजूदा किट से हेमोस्टैटिक एजेंट को फर्स्ट ऐड किट से बाहर रखा गया है।

# विषय-सूची


| | पेज नं | | पेज नं |
|---|---|---|---|
| वाहन की पहचान | 1 | मेंटेनेंस शेड्यूल | 29 |
| वाहन के व्यू | 2 | स्पार्क प्लग का निरीक्षण | 32 |
| वाहन के स्पेसिफ़िकेशन | 5 | इंजन ऑयल | 32 |
| एक्सेसरीज़ और मॉडिफिकेशन्स | 7 | इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट | 34 |
| एंटी-थेफ्ट टिप्स | 7 | ऑयल फिल्टर स्क्रीन | 35 |
| वाहन की सुरक्षा | 8 | एयर क्लीनर | 36 |
| • सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी | 8 | वॉल्व क्लियरेंस का एडजस्टमेंट | 38 |
| • सुरक्षात्मक कपड़े | 9 | क्लच लीवर फ्री प्ले | 40 |
| सुरक्षित सवारी के लिए टिप्स | 10 | थ्रॉटल ऑपरेशन | 41 |
| स्वस्थ पर्यावरण के लिए टिप्स | 11 | ड्राइव चैन का स्लैकनेस | 41 |
| पार्ट्स के कार्य | 12 | ड्राइव चैन स्लाइडर का निरीक्षण | 44 |
| • इग्निशन स्विच | 12 | ब्रेक्स | 44 |
| • इंस्ट्रूमेंट्स और इंडीकेटर्स | 13 | सस्पेंशन | 48 |
| विशेषताएं | 15 | व्हील | 49 |
| हैंडलबार स्विच कण्ट्रोल | 15 | मेन / साइड स्टैंड का लुब्रिकेशन | 52 |
| i3s (आइडल स्टॉप स्टार्ट सिस्टम) | 17 | ट्यूबलेस टायर्स | 52 |
| साइड स्टैंड इंडिकेटर / स्विच | 19 | नट्स, बोल्ट्स और फास्नर्स | 55 |
| फ्यूल टैंक | 19 | बैटरी | 55 |
| सीट लॉक/हेलमेट होल्डर | 20 | फ्यूज बदलना | 57 |
| यूएसबी चार्जर (ऑप्शनल) | 21 | स्टॉप लैंप स्विच | 58 |
| प्री-राइड इंस्पेक्शन | 22 | हेडलैंप फोकस का एडजस्टमेंट | 58 |
| इंजन शुरू करना | 23 | कैटेलिटिक कन्वर्टर | 59 |
| राइडिंग | 23 | इवैपोरेटिव एमिशन कंट्रोल सिस्टम | 59 |
| ब्रैकिंग | 25 | वाहन की पॉलिशिंग | 60 |
| पार्किंग | 26 | बेसिक समस्या का निवारण | 61 |
| टूल किट / फर्स्ट एड किट | 26 | रोड साइन | 63 |
| वाहन की सफाई और धुलाई | 27 | वॉरंटी | |
| मेंटेनेंस | 27 | हीरो जेन्युइन पार्ट्स | |
| सुरक्षा के लिए सावधानियाँ | 28 | जोनल/रीजनल/एरिया ऑफिस | |

# वाहन की पहचान




**व्हीकल आइडेंटिफिकेशन नंबर (VIN)**
स्थान: स्टीयरिंग हेड ट्यूब के राइट साइड पर छपा है।




**इंजन नंबर.**
स्थान: लेफ़्ट क्रैंक केस के लोअर साइड पर छपा है।

**VIN: MBLJAW04#########**

| MBL | JAW04 | # | # | # | # | ##### |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैन्युफैक्चरर कोड | वाहन का विवरण | चेक डिजिट | मॉडल का वर्ष | प्लांट कोड | मैन्युफैक्चर का महीना | प्रोडक्शन सीरियल नंबर |

**इंजन नं.: JA07AA########**

| JA07AA | # | # | # | ##### |
|---|---|---|---|---|
| इंजन का विवरण | मैन्युफैक्चर का वर्ष | असेंबली प्लांट | मैन्युफैक्चर का महीना | सीरियल नंबर |

**मॉडल : स्प्लेंडर आईस्मार्ट प्रोग्राम्ड FI**


| के प्रकार | VIN | इंजन |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रिक स्टार्ट/फ्रंट डिस्क/रियर ड्रम/कास्ट व्हील | JAW04 | JA07AA |
| इलेक्ट्रिक स्टार्ट/फ्रंट ड्रम/रियर ड्रम/कास्ट व्हील | JAW05 | JA07AA |

**VIN और इंजन नंबर की ज़रुरत पड़ सकती है:**

1. वाहन के रजिस्ट्रेशन के वक़्त।
2. लीगल और इन्शुरन्स डिपार्टमेंट से लेन-देन के लिए।

# वाहन के व्यू

## ऊपर का व्यू




(1) टर्न सिग्नल स्विच
(2) हॉर्न स्विच
(3) डिमर स्विच
(4) क्लच लीवर
(5) पासिंग स्विच
(6) रियर व्यू मिरर
(7) न्यूट्रल इंडिकेटर
(8) i3s इंडिकेटर
(9) साइड स्टैंड इंडिकेटर
(10) फ्यूल गेज
(11) हाई बीम इंडिकेटर
(12) स्पीडोमीटर
(13) टर्न सिग्नल इंडिकेटर
(14) प्रोग्राम्ड-FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैम्प (MIL)
(15) ओडोमीटर
(16) ट्रिपमीटर
(17) सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर
(18) मास्टर सिलिंडर
(19) i3s स्विच
(20) फ्रंट ब्रेक लीवर
(21) थ्रॉटल ग्रिप
(22) इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच
(23) रीसेट बटन
(24) स्टीयरिंग लॉक के साथ इग्निशन स्विच
(25) फ्यूल टैंक कैप

*दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकते हैं।

## बाईं ओर का व्यू




(1) साइड रिफ्लेक्स रिफ्लेक्टर
(2) गियरशिफ्ट पेडल
(3) राइडर फुटरेस्ट
(4) मेन स्टैंड
(5) साइड स्टैंड
(6) बैटरी (अंदर)
(7) वीमेन पिलियन स्टेप के साथ साड़ी गार्ड
(8) रियर टर्न सिग्नल लैंप
(9) रियर रिफ्लेक्स रिफ्लेक्टर
(10) लाइसेंस प्लेट लैंप
(11) टेल/स्टॉप लैंप
(12) रियर ग्रिप
(13) सीट लॉक
(14) यूएसबी चार्जर (अंदर) (ऑप्शनल)
(15) साइड स्टैंड स्विच
(16) फ्रंट टर्न सिग्नल लैंप

***दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकते हैं।**

## दायीं ओर का व्यू




(1) पिलियन फुट रेस्ट
(2) किक स्टार्टर पेडल
(3) राइडर फुटरेस्ट
(4) रियर ब्रेक पेडल
(5) ऑयल लेवल डिपस्टिक
(6) स्टार्टर मोटर
(7) लेग गार्ड
(8) CCB वॉल्व (अंदर)
(9) कैलिपर असेंबली
(10) फ्रंट डिस्क
(11) फ्रंट सस्पेंशन
(12) हेडलैंप
(13) फ्रंट वाइजर
(14) थ्रॉटल बॉडी / ईसीयू (अंदर)
(15) रियर शॉक एब्जॉर्बर
(16) एग्जॉस्ट मफलर

***दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकते हैं।**

## वाहन के स्पेसिफ़िकेशन

| आइटम | | स्पेसिफिकेशन |
|---|---|---|
| **डायमेंशन** | | |
| कुल लंबाई | | 2048 mm |
| कुल चौड़ाई | डिस्क-ड्रम | 726 mm |
| | ड्रम-ड्रम | 714 mm |
| कुल ऊंचाई | | 1110 mm |
| व्हीलबेस | | 1270 mm |
| सैडल ऊंचाई | | 799 mm |
| ग्राउंड क्लियरेंस | | 180 mm |
| **वजन** | | |
| कर्ब वजन | डिस्क-ड्रम | 116.7 kg |
| | ड्रम-ड्रम | 116 kg |
| पेलोड | | 130 kg |
| **क्षमता** | | |
| इंजन ऑयल | | डिसअसेंबली पर 0.95 लीटर और ड्रेन करने पर 0.75 लीटर |
| फ्यूल टैंक की क्षमता | | 9.5 लीटर |
| **इंजन** | | |
| अधिकतम पॉवर | | 6.73 kW @ 7500 r/min |
| अधिकतम टॉर्क | | 9.89 N-m @ 5000 r/min |
| बोर और स्ट्रोक | | 50.0x57.8 mm |
| कम्प्रेशन रेश्यो | | 9.7:1 |
| डिस्प्लेसमेंट | | 113.2 cc |
| स्पार्क प्लग | | NGK-CR7HSA, P-RZ9HC (फेडरल मोगुल) BOSCH-UR4AC |
| स्पार्क प्लग गैप | | 0.6-0.7 mm |
| वॉल्व क्लियरेंस | इनटेक (ठंड स्थिती में) | 0.08 mm |
| | एग्जॉस्ट (ठंड स्थिती में) | 0.12 mm |
| आइडल स्पीड | | 1400±100 r/min |
| **चेसिस और सस्पेंशन** | | |
| फ्रंट सस्पेंशन | | टेलिस्कोपिक हाइड्रॉलिक शॉक अब्जॉर्बर |
| रियर सस्पेंशन | | 5 स्टेप एडजस्टेबल हाइड्रॉलिक शॉक अब्जॉर्बर के साथ स्विंग आर्म |

## वाहन के स्पेसिफ़िकेशन

| आइटम | | स्पेसिफिकेशन |
|---|---|---|
| कास्टर एंगल | | 26.1° |
| ट्रेल लंबाई | | 92.3 mm |
| टायर का आकार | फ्रंट | 80/100-18-47P (ट्यूबलेस टायर) |
| | रियर | 80/100-18-54P (ट्यूबलेस टायर) |
| ब्रेक्स | फ्रंट (डिस्क टाइप) | व्यास 240 mm |
| | फ्रंट (ड्रम टाइप) | व्यास 130 mm |
| | रियर (ड्रम टाइप) | व्यास 130 mm |
| फ्रंट व्हील | | कास्ट व्हील |
| रियर व्हील | | कास्ट व्हील |
| **ट्रांसमिशन** | | |
| प्राइमरी रिडक्शन | | 3.45 (69/20) |
| फाइनल रिडक्शन | | 3.214 (42/14) |
| गियर रेश्यो, 1st | | 3.167 (38/12) |
| 2nd | | 1.778 (32/18) |
| 3rd | | 1.217 (28/23) |
| 4th | | 0.923 (24/26) |
| **इलेक्ट्रिकल्स** | | |
| बैटरी | | *MF बैटरी 12V-3Ah/ETZ-4 |
| ऑल्टरनेटर | | 150 W @ 5000 r/min |
| हेडलैंप (हाई/लो) | | 12V-35W/35W हैलोजन बल्ब, **MFR |
| टेल / स्टॉप लैंप | | 12V-21/5W, **MFR |
| टर्न सिग्नल लैंप | | 12V-10Wx4 Nos.(क्लियर लेंस के साथ अम्बर बल्ब), **MFR |
| मीटर एल्यूमिनेशन | | LED |
| न्यूट्रल इंडिकेटर | | LED |
| टर्न सिग्नल इंडिकेटर | | LED |
| हाई बीम इंडिकेटर | | LED |
| लाइसेंस प्लेट लैंप | | 12V-5W |
| i3s इंडिकेटर | | LED |
| साइड स्टैंड इंडिकेटर | | LED |
| प्रोग्राम्ड-एफआई मालफंक्शन इंडिकेटर लैम्प (MIL) | | LED |
| फ्यूज | | 10 A x3 & 15 A |

*** MF का मतलब मेंटेनेंस फ्री है**

**** MFR का मतलब मल्टी-फोकल रिफ्लेक्टर है**

## एक्सेसरीज़ और मॉडिफिकेशन्स

अपने वाहन को मॉडिफाई करवाना या उसमें नॉन-हीरो मोटोकॉर्प एक्सेसरीज लगवाना आप के वाहन को असुरक्षित बना सकता है। अपने वाहन में मॉडिफिकेशन करने से पहले या कोई एक्सेसरी लगवाने से पहले, दी गयी जानकारी पढ़ना सुनिश्चित कर लें।

**⚠ चेतावनी**

- **ग़लत एक्सेसरीज या मॉडिफिकेशन दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, जिसमें आप गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या जान भी जा सकती है।**
- **इस ओनर्स मैनुअल में एक्सेसरीज़ और मॉडिफिकेशन्स के बारे में दी गयी सभी निर्देशों का पालन करें।**

### एक्सेसरीज़

- सुनिश्चित करें की एक्सेसरीज किसी लैंप को ना ढके, ग्राउंड क्लीयरेंस, लिमिट सस्पेंशन ट्रेवल या स्टीयरिंग ट्रैवल को कम ना करे, राइडिंग पोज़िशन को प्रभावित ना करे और किसी भी नियंत्रण के संचालन में हस्तक्षेप ना करे।
- सुनिश्चित करें कि इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट वाहन की इलेक्ट्रिकल सिस्टम कैपेसिटी (पेज 6) से अधिक ना हो। उड़ा हुआ फ्यूज़ लाइट्स के जाने का कारण बन सकता है।
- अपने वाहन से ट्रेलर या साइड कार ना खींचें। ऐसी चीज़ें जोड़ने के लिए ये वाहन नहीं बनाया गया है, और इनका इस्तेमाल आप के वाहन की हैंडलिंग को गंभीर रूप से ख़राब कर सकता है।

### मॉडिफिकेशन्स

हम आपको दृढ़ता से सलाह देते हैं कि आप किसी भी ओरिजिनल इक्विपमेंट को न निकाले या अपने वाहन को किसी भी तरह से मॉडिफाई न करें जिससे इसका डिज़ाइन या ऑपरेशन बदल जाए। ऐसे बदलाव आप के व्हीकल हैंडलिंग, स्टेबिलिटी और ब्रेकिंग को गंभीर रूप से ख़राब कर सकते हैं, जिससे आपकी राइडिंग असुरक्षित हो सकती है। लैम्प्स, मफलर्स, एमिशन कण्ट्रोल सिस्टम या दूसरे किसी इक्विपमेंट को निकालना या उनमें बदलाव करना आप के वाहन को ग़ैर-क़ानूनी बना सकता है।

### एंटी-थेफ्ट टिप्स

- स्टीयरिंग को हमेशा लॉक करें और चाबी को इग्निशन स्विच में कभी न छोड़ें। ये मामूली बात है, लेकिन लोग भूल जाते हैं।
- आप के वाहन के रजिस्ट्रेशन की जानकारी सटीक और सही है, ये सुनिश्चित करें।
- जब भी संभव हो अपने वाहन को एक बंद गैरेज में पार्क करें।
- अच्छी क्वालिटी वाले अतिरिक्त एंटी-थेफ़्ट डिवाइस का इस्तेमाल करें।
- अपने वाहन को कभी भी सुनसान जगह पर पार्क न करें। जहाँ तक संभव हो, सुरक्षित जगह में पार्क करें।
- ओनर्स मैनुअल में अपना नाम, पता और फोन नंबर डालें और उसे हमेशा अपने वाहन में रखें।
- ओनर्स मैनुअल वाहन में मौजूद होने पर कई बार चोरी के वाहनों की पहचान उसमें दी गई जानकारी से होती है।

**नाम** : ------------------------------------------

**पता** : ------------------------------------------

---------------------------------------------------

---------------------------------------------------

---------------------------------------------------

**फोन नंबर** : ----------------------------------

## वाहन की सुरक्षा

### सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

अगर आप अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद लेते हैं और सड़कों पर आने वाली मुश्किलों को समझते हैं, तो आप का वाहन कई वर्षों तक आप का साथ दे सकता है।

जब आप वाहन चलाते हैं, तो आप अपनी सुरक्षा के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। इस पूरे मैनुअल में आप को कई उपयोगी बातें मिलेंगी। निम्नलिखित कुछ हैं जिन्हें हम सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं।

**हमेशा हेलमेट पहनिए।**

यह साबित है कि - हेलमेट सिर में आने वाली चोटें और उनकी गंभीरता को काफी हद तक कम करता हैं। इसीलिए हमेशा हेलमेट पहनिए और अपने पिलियन राइडर को भी पहनने को कहिए। हम यह भी गुज़ारिश करते हैं कि आप आंखों की सुरक्षा करें, मजबूत जूते, ग्लव्स और दूसरे सुरक्षात्मक गियर पहनें।

**अपना वाहन चलाने से पहले**

सुनिश्चित करें कि आप शारीरिक रूप से फिट हैं, मानसिक रूप से स्थिर हैं और शराब या नशीली दवाएं नहीं ली हैं। देखें कि आपने और आपके पिलियन ने एक मानक वाले व्हीकल हेलमेट और सुरक्षा वाले कपड़े पहने हुए हैं। अपने पिलियन को ग्रैब रेल या अपनी कमर को पकड़ने, मोड़ों पे अपने साथ झुकने और वाहन के रुकने पर भी अपने पैरों को फुटरेस्ट पर रखने को कहें।

**अपने वाहन को सीखने और अभ्यास करने के लिए समय निकालें**

अन्य वाहन चलाने के बाद भी, किसी सुरक्षित जगह पर अपने वाहन का अभ्यास करें, ताकि आप यह जान सकें कि यह वाहन कैसे काम करता है, संभलता कैसे है, वाहन का साइज़ और वजन कितना है।

Hero RideSafe

**सुरक्षित सवारी करें**

हमेशा अपने आस-पास के अन्य वाहनों पर ध्यान दें, और यह न मानें कि दूसरे ड्राइवर्स आप को देख रहे हैं। जल्दी से रुकने या मुश्किलों के लिए तैयार रहें।

**अपने आप को आसानी से दिखने लायक रखें**

कुछ ड्राइवर वाहन नहीं देखते हैं क्योंकि वे देखना ही नहीं चाहते हैं। अपने आप को ज़्यादा दिखने लायक बनाने के लिए, सफ़ेद चमकीले कपड़े पहनें, ऐसी पोज़िशन में रहे ताकि दूसरे आप को देख सकें, लेन बदलने या टर्निंग से पहले सिग्नल दें, और हॉर्न का उपयोग करें ताकि दूसरे लोग आप को नोटिस कर सकें।

**वाहन चलाते समय अपनी हद में रहें**

हदों को पार करना वाहन दुर्घटनाओं का एक और प्रमुख कारण है। अपनी व्यक्तिगत क्षमताओं से ज़्यादा या ज़रुरत से ज़्यादा तेज़ गति से कभी भी सवारी न करें। याद रखें कि थकान और लापरवाही के चलते आपके सही निर्णय लेने और सुरक्षित रूप से सवारी करने की क्षमता काफी कम हो जाती है।

**शराब पीकर वाहन ना चलाएं**

शराब या नशीली दवाएं लेकर सवारी करना खतरनाक है। शराब के चलते बदलते हालातों में प्रतिक्रिया करने की आप की क्षमता कम हो जाती है और प्रतिक्रिया का समय नहीं मिलता। शराब पीकर वाहन ना चलाएं।

**अपने वाहन को सुरक्षित स्थिति में रखें**

सुरक्षित सवारी के लिए, हर सवारी से पहले अपने वाहन का निरीक्षण करें और सभी बताए गए रखरखाव करना ज़रूरी हैं। लोड की सीमा को कभी भी पार न करें, और इस वाहन के लिए हीरो मोटोकॉर्प द्वारा बताए गए एक्सेसरीज़ का ही उपयोग करें।

## अगर आप किसी दुर्घटना में शामिल हैं

आप की सुरक्षा आपकी पहली प्राथमिकता है। अगर आप या कोई और घायल हुआ है, तो चोटें कितनी गंभीर है और क्या वाहन चलाना सुरक्षित है इसका पता करने के लिए समय निकालें। ज़रूरत पड़ने पर आपातकालीन सहायता के लिए कॉल करें। अगर कोई अन्य व्यक्ति या वाहन दुर्घटना में शामिल है तो लागू कानूनों और नियमों का भी पालन करें।

अगर आप सवारी जारी रखने का फ़ैसला लेते हैं, तो पहले अपने वाहन की कंडीशन जांच लें। अगर इंजन अभी भी ऑन है, तो उसे बंद करें। फ्लूइड लीक्स का निरिक्षण करें, ज़रूरी नट और बोल्ट टाइट हैं ये देखें, और हैंडलबार, ब्रेक लीवर, ब्रेक और पहियों को चेक करें। हो सकता है कि आपके वाहन को ऐसा नुकसान हुआ हो, जो तुरंत दिखाई न दे। अपने वाहन को जल्द से जल्द किसी क्वालिफाइड सर्विस फैसिलिटी में दिखवाइये।

## सुरक्षात्मक कपड़े

आपकी सुरक्षा के लिए, हम दृढ़ता से गुजारिश करते है कि आप जब भी सवारी करें हमेशा एक मान्यता प्राप्त हेलमेट पहनें (ISI मार्क्ड), आंखों को सुरक्षित रखें, जूते, ग्लव्स, लंबी पैंट और लंबी बाजू की शर्ट या जैकेट पहनें। अकेले/पिलियन राइडिंग करते हुए ढीले/लटकते हुए कपड़ों का ध्यान रखें। हालांकि पूरी सुरक्षा संभव नहीं है, पर ज़रूरी गियर पहनने से सवारी करते समय चोट लगने की संभावना कम हो सकती है। उचित राइडिंग गियर चुनने में आपकी मदद करने के लिए नीचे कुछ सुझाव दिए गए हैं।

**⚠ चेतावनी**

- **हेलमेट ना पहनने से दुर्घटना में गंभीर चोट या मौत की संभावना बढ़ जाती है।**
- **सुनिश्चित करें कि सवारी करते समय आप और पिलियन हमेशा हेलमेट पहनें, आंखों की रक्षा करें और दूसरे रक्षात्मक कपड़े ज़रूर पहनें।**

## हेलमेट और आँखों की सुरक्षा

आपका हेलमेट आप के लिए राइडिंग गियर का सबसे ज़रूरी हिस्सा है, क्योंकि यह सर के चोटों से सबसे बेहतर सुरक्षा देता है। एक हेलमेट आप के सर पर आराम से और सुरक्षित तरह फिट होना चाहिए। रिफ्लेक्टिव स्ट्राइप्स की ही तरह उजले रंग के हेलमेट से आप ट्रैफिक में ज़्यादा आसानी से दिखते हैं।

एक ओपन-फेस हेलमेट से थोड़ी सुरक्षा मिलती है, पर फुल-फेस हेलमेट ज़्यादा सुरक्षा देता है। अपनी आंखों की सुरक्षा और बेहतर नज़ारे के लिए हमेशा फेस शील्ड या गॉगल्स पहनें।

## अतिरिक्त राइडिंग गियर

हेलमेट और आंखों की सुरक्षा के साथ-साथ, हम यह भी सुझाव देते हैं:

- अपने पैरों और टखनों की सुरक्षा के लिए नॉन-स्लिप सोल्स वाले मजबूत जूते पहनें।
- लेदर ग्लव्स से आप के हाथ गर्म रहते हैं और छाले, कटने, जलने और खरोंच रोकने में मदद मिलती है।
- एक टू व्हीलर राइडिंग सूट या जैकेट से आराम के साथ-साथ सुरक्षा भी होती है। उजले रंग के कपड़े आप को ट्रैफ़िक में अधिक दिखने में मदद करते हैं। ढीले कपड़े पहनने से बचें, जो की आपके वाहन के किसी भी हिस्से में फंस सकते हैं।

# सुरक्षित सवारी के लिए टिप्स

Hero RideSafe

**क्या करें :**

- हमेशा सिंपल प्री-राइड इंस्पेक्शन करें **(पेज 22)**।
- हमेशा (ISI मार्क्ड) हेलमेट पहनें, जिसमें चिन स्ट्रैप सुरक्षित तरीक़े से बंधा हो और अपने पिलियन राइडर को भी हेलमेट पहनने के लिए कहें।
- सवारी करते समय अपने पैरों को फ्यूल टैंक के पास रखते हुए आरामदायक पोज़िशन में बैठें।
- सुरक्षित तरीक़े और स्थिर गति से (40-50 km/hr के बीच) वाहन चलाएं।
- वाहन को रोकने के लिए (IBS में), रियर ब्रेक पेडल को दबाते हुए फ्रंट और रियर ब्रेक्स को एक साथ लगाएं। हालांकि, बेहतर ब्रेकिंग के लिए, थ्रॉटल को क्लोज़्ड पोज़िशन पे रखते हुए, एक साथ दोनों ब्रेक लगाएं।
- रोड साइन का ध्यान रखें और सड़क पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफ़िक नियमों का पालन करें **(पेज 63)**।
- रात के समय, आने वाली गाड़ियों के लिए, या किसी दूसरे वाहन के पीछे चलते हुए अपने वाहन का डिप हेडलैम्प्स जलाएं।
- सड़क पर दूसरों को रास्ता दें और गाड़ी मोड़ते हुए पहले सिग्नल दें।
- दूसरे लोग आप को देख सकें इसके लिए, उजले और रिफ्लेक्टिव कपड़े पहनें जो अच्छी तरह से फिट हों।
- ढीले / लटके हुए कपड़ों को कसकर लपेटें और हिलने वाले हिस्सों में उलझने से बचें।
- अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से ही अपने वाहन की नियमित सर्विस करवाएं।
- वाहन चलाने से पहले यह देख लें कि आप किस मोड में सवारी कर रहे हैं, यानि i3s स्विच "ऑन" है या "ऑफ़" हैं ।

**क्या ना करें**

- वाहन चलाते समय कभी भी सेलफोन का इस्तेमाल ना करें।
- अपने वाहन के अचानक एक्सलरेशन, ब्रैकिंग और वाहन को मोड़ने से बचें।
- क्लच को बिना दबाए और थ्रॉटल को बंद किए बिना कभी भी गियर शिफ्ट ना करें।
- हॉट एग्जॉस्ट सिस्टम जैसे मफलर के किसी भी हिस्से को कभी न छुएं।
- शराब या नशीली चीज़ें लेकर कभी भी सवारी ना करें।
- सड़क पे ध्यान दें और पिलियन राइडर या सड़क पर किसी दूसरे व्यक्ति से बात करने से बचें।
- सड़कों को गंदा ना करें।
- ओवरटेक करते समय सड़क के बीचोबीच मौजूद सीधी सफेद/पीली लाइन को पार ना करें।
- बड़ा या कोई भारी सामान हैंडलबार्स, फ्रंट फोर्क्स या फेंडर्स से ना जोड़ें।
- वाहन चलते हुए कभी भी अपने हाथों को स्टीयरिंग हैंडल से ना हटाएं।

## स्वस्थ पर्यावरण के लिए टिप्स

नीचे दिए गए टिप्स ये सुनिश्चित करेंगे की आप, आप का वाहन और वातावरण बेहतर रहें।

- **सही इंजन :** इंजन हर वाहन की ज़िन्दगी होती है। इसे बेहतर रखने के लिए नियमित रूप से इसे ट्यून्ड करवाएं, जो प्रदूषण को कम करने, वाहन का प्रदर्शन और फ्यूल एफिशिएंसी को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

- **नियमित सर्विसिंग :** सर्विस शेड्यूल के अनुसार अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में अपने वाहन की सर्विस करवाएं, बेहतर प्रदर्शन के लिए एमिशन लेवल को नियंत्रण में रखें।

- **जेन्युइन स्पेयर्स :** हमेशा हीरो मोटोकॉर्प के जेन्युइन पार्ट्स लगवाएं, क्योंकि नकली या अनुचित स्पेयर्स और एक्सेसरीज़ आप के वाहन की रनिंग कंडीशन को ख़राब कर सकते हैं।

- **जेन्युइन इंजन ऑयल :** इंजन को फिट और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हीरो मोटोकॉर्प का सुझाया गया हीरो 4T प्लस SAE 10W 30 SL ग्रेड (JASO MA2) इंजन ऑयल लें और इसे हर 6000 km (हर 3000 किलोमीटर पर टॉप अप के साथ) के बाद बदलते रहें।


- **ध्वनि प्रदूषण :** एक निश्चित डेसीबल के बाद ध्वनि प्रदूषण होता है। चाहे हॉर्न्स हो या ख़राब मफलर्स, ज़्यादा शोर से सिरदर्द और परेशानी होती है।


- **एमिशन प्रदूषण :** अपने वाहन के एमिशन की जाँच अधिकृत एजेंसियों से हर 3 महीने में कम से कम एक बार या समय-समय पर सरकार द्वारा नोटिफाई अनुसार करवाएँ।

- **ईंधन की बचत और प्रदूषण कम करें :** ट्रैफिक सिग्नल पॉइंट्स पे ज़्यादा इंतज़ार करना पड़े, तो ईंधन बचाने और प्रदूषण कम करने के लिए इंजन को स्विच "ऑफ़" करें।

- **BS-VI ग्रेड फ्यूल :** BS-VI मानदंडों का पालन करने के लिए हमेशा BS-VI ग्रेड का ईंधन इस्तेमाल करें।

## पार्ट्स के कार्य
### इग्निशन स्विच








(1) इग्निशन स्विच
(2) इग्निशन की चाबी
(3) स्टीयरिंग लॉक पोजीशन

| चाबी की पोजीशन | कार्य | चाबी निकालना |
|---|---|---|
| **"ऑन" (∩)** | टर्न सिग्नल लैंप, हॉर्न, टेल/स्टॉप लैंप और पासिंग स्विच चालू रहेंगे, इंजन चालू किया जा सकता है। फ्यूल गेज, ओडोमीटर और ट्रिपमीटर रीडिंग काम करते रहेंगे। प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन लैंप (MIL) जलता है। i3s इंडिकेटर कुछ सेकंड के लिए चमकता है। | चाबी को निकाल नहीं सकते हैं |
| **"ऑफ"(⊗)** | इंजन चालू नहीं हो सकता है और न कोई इलेक्ट्रिकल सिस्टम काम करेगा । | चाबी को निकाल सकते हैं |
| **"लॉक"** | स्टीयरिंग लॉक कर सकते है। | चाबी को निकाल सकते हैं |

**इंस्ट्रूमेंट्स और इंडीकेटर्स**

हेडलैम्प के ऊपर, स्पीडोमीटर पैनल में इंडीकेटर्स हैं। उनके कार्य नीचे दिए गए हैं ।




| सी. नं. | विवरण | कार्य |
|---|---|---|
| (1) | साइड स्टैंड इंडिकेटर | साइड स्टैंड नीचे करने पर चमकता है। |
| (2) | फ्यूल गेज | अनुमानित फ्यूल की मात्रा को दर्शाता है **(पेज 14)**। |
| (3) | स्पीडोमीटर | ड्राइविंग स्पीड को दर्शाता है। |
| (4) | टर्न सिग्नल इंडिकेटर | राइडर को टर्न सिग्नल लैंप का ऑपरेशन दर्शाता है । |
| (5) | ओडोमीटर | यात्रा की गई दूरी को दर्शाता है **(पेज 15)**। |
| (6) | प्रोग्राम्ड-FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैम्प (MIL) | जब इग्निशन स्विच को "ऑन" किया जाता है तो प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL) लगातार जलता रहता है और फिर इंजन चालू होने पर "ऑफ़" हो जाता है। ये बताता है प्रोग्राम्ड FI सिस्टम ठीक है। प्रोग्राम्ड FI सिस्टम में गड़बड़ी होने पर यह लगातार जलता रहता है, यदि ऐसा होता हैं तो स्पीड कम रखते हुए अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जांच के लिए जाएं। |
| (7) | ट्रिपमीटर | एक ट्रिप के दौरान तय की गई दूरी को दर्शाता है। |

| सी. नं. | विवरण | कार्य |
|---|---|---|
| (8) | सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर | अगली सर्विस ड्यू होने पर डिस्प्ले में प्रदर्शित करता हैं **(पेज 15)।** |
| (9) | रीसेट बटन | नई ट्रिप शुरू करने से पहले ट्रिपमीटर को शून्य पर रीसेट करने के लिए। |
| (10) | हाई बीम इंडिकेटर | जब हेडलैंप "हाई" बीम में होता है तब चमकता है । |
| (11) | i3s इंडिकेटर | इंडिकेटर कुछ सेकंड के लिए चमकता है और "ऑफ" हो जाता है जो दर्शाता है कि i3s सिस्टम काम कर रहा है। |
| (12) | न्यूट्रल इंडिकेटर | जब वाहन न्यूट्रल स्थिति में होता है तब चमकता हैं। |

**(a) फ्यूल गेज**

जब फ्यूल गेज नीडल (1) रेड बैंड (2) में प्रवेश करती है, तब फ्यूल कम होगा और आपको जल्द से जल्द फ्यूल टैंक को फिर से भरना चाहिए।

**सावधानी**

**कृपया फ्यूल गेज निडल रेड बैंड पर रहते हुए वाहन को ज़्यादा ना चलाएं। ना सिर्फ़ केवल वाहन का फ्यूल ख़त्म होगा, साथ ही फ्यूल पंप को गंभीर नुकसान हो सकता है। ध्यान रहे जैसे ही फ्यूल गेज निडल रेड बैंड पर पहुंचती है, फ्यूल भर लिया जाए।**

**नोट**

**फ्यूल लेवल इंडिकेशन का पता करने के लिए, व्हीकल किसी समतल सतह पर और स्थिर कंडीशन में होना चाहिए।**




(1) फ्यूल गेज नीडल (2) रेड बैंड


## (b) ओडोमीटर/ट्रिपमीटर/ सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर

ओडोमीटर (1) बताता है अब तक कितनी यात्रा की गई है।

ट्रिप मीटर (2) हर ट्रिप पर तय की गई दूरी बताता है। रीसेट बटन (3) दबाकर ट्रिपमीटर को ज़ीरो पर रीसेट किया जा सकता है।

सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर (4) यूज़र को सर्विस के लिए अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में वाहन ले जाने को कहता है। मेंटेनेंस शेड्यूल में बताई गई दूरी तय हो जाने पर, इंडिकेटर की ब्लिंकिंग शुरू हो जाती है। किसी ख़ास सर्विस के लिए किलोमीटर के अंतराल पर इंडिकेटर ब्लिंकिंग करता रहता है और उसके बाद "ऑन" रहता है।

सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर को अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप पर रीसेट किया जा सकता है।




(1) ओडोमीटर (2) ट्रिपमीटर (3) रीसेट बटन
(4) सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर

**नोट**

**वाहन की सर्विसिंग के बाद सुनिश्चित करें कि सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर रीसेट कर दिया गया है।**

## विशेषताएं

### स्टीयरिंग लॉक

इग्निशन स्विच के साथ स्टीयरिंग लॉक, इग्निशन की चाबी (1) को "ऑफ" (⊗) पोज़िशन में घुमाएं और हैंडल बार को लेफ़्ट या राइट पर मोड़ें और चाबी को अंदर की ओर दबाएं और "लॉक" पोज़िशन की ओर घुमाएं। लॉक करने के बाद चाबी निकाल लें।




(1) इग्निशन की चाबी

### हैंडलबार स्विच कण्ट्रोल

### लेफ्ट हैंडलबार कंट्रोल्स


**1. पासिंग स्विच**

आगे निकलने का इशारा देता है।

पासिंग लैंप को चलाने के लिए पासिंग लैंप स्विच (1) दबाएं।

**2. क्लच स्विच**

राइडर की सुरक्षा के लिए क्लच स्विच (2) दिया गया है। अगर वाहन गियर में है, तो क्लच लीवर को दबाए बिना इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच से वाहन चालू नहीं किया जा सकता।




**(1) पासिंग स्विच (2) क्लच स्विच**

**3. हेडलैंप डिमर स्विच**

हेडलैंप तभी काम करता है जब इंजन चल रहा हो या पासिंग स्विच को चलाया गया हो।

हाई बीम के लिए "[हाई बीम चिह्न]" और लो बीम के लिए "[लो बीम चिह्न]" दबाएं।

**4. टर्न सिग्नल लैंप स्विच (⇦ ⇨)**

टर्न सिग्नल लैंप स्विच (4) को इंडिकेशन्स के लिए दाएं/बाएं शिफ्ट करें और इसे अपने आप ही अपनी पोज़िशन पे वापस आने के लिए छोड़ दें।

ज़रूरी बात: टर्न पूरा करने के बाद टर्न सिग्नल को "ऑफ" करने के लिए, धीरे से अंदर की ओर दबाएं।




**(3) हेडलैंप डिमर स्विच**
**(4) टर्न सिग्नल लैंप स्विच (5) हॉर्न स्विच**

**5. हॉर्न स्विच ( [हॉर्न चिह्न] )**

हॉर्न बजाने के लिए हॉर्न स्विच (5) दबाएं।


**राइट हैंडलबार कंट्रोल्स**

**1. इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच ( [स्टार्टर चिह्न] )**

सुनिश्चित करें कि स्टार्टर स्विच (1) तब चलाया जाए, जब वाहन न्यूट्रल गियर में हो। अगर वाहन गियर में है, तो स्टार्टर स्विच को चलाने से पहले क्लच लीवर को दबाएं। इंजन शुरू होने के बाद स्टार्टर स्विच को छोड़ दें।

**! सावधानी**

- **अगर इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच को लगातार दबाया जाता है और इंजन चालू नहीं होता है, तो इंजन की क्रैंकिंग 5 सेकंड के बाद बंद हो जाएगी। उसके बाद राइडर को फिर से इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच को दबाना होगा।**
- **अगर इंजन चालू हो जाता है, तो r/min 850 से ज़्यादा होने के बाद इंजन की क्रैंकिंग बंद हो जाएगी।**




(1) इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच (2) i3s स्विच

## 2. i3s स्विच

ट्रैफ़िक कंडीशंस को देखते हुए i3s मोड को "ऑन" या "ऑफ़" करने के लिए राइडर को एक i3s स्विच (2) दिया गया है।

**i3s (आइडल स्टॉप स्टार्ट सिस्टम)**

**इंजन स्टार्ट करना और गर्म करना :**

इग्निशन की चाबी को "ऑन" (◯) पोज़िशन पर घुमाएं।




(1) i3s इंडिकेटर

i3s इंडिकेटर (1) स्पीडोमीटर कंसोल पर 2 सेकंड के लिए जलेगा और "ऑफ़" हो जाएगा। i3s सिस्टम को एक्टिवेट करने के लिए, इंजन को चालू करें और इसे तब तक आइडल रखें, जब तक कि इंजन गर्म न हो जाए या तापमान 75°C से अधिक न हो जाए।

**i3s सिस्टम का प्रारंभिक एक्टिवेशन:**

i3s स्विच (2) को "ऑन" पोज़िशन में रखें। इग्निशन की चाबी को "ऑन" पोज़िशन पर घुमाएं।




(2) i3s स्विच

स्पीडोमीटर कंसोल पर i3s इंडिकेटर 2 सेकंड के लिए जलेगा और "ऑफ़" हो जाएगा। वाहन को 2000 r/min से कम में (न्यूट्रल और क्लच लीवर को रिलिज़ड पोज़िशन में) शुरू करें और इसे आइडल रहने दें, जब तक कि इंजन का तापमान 75°C से अधिक न हो जाए। इंजन 30 सेकंड में कट-ऑफ हो जाएगा। पहले स्टॉप स्टार्ट के बाद, अगला हर स्टॉप 5 सेकंड में होगा।

इस स्थिति में, इंजन को क्लच लीवर, किक या इलेक्ट्रिक स्टार्ट से दोबारा शुरू किया जा सकता है।

**"ऑन" पोज़िशन में i3s स्विच के साथ ड्राइविंग:**

वाहन चलाते समय, अगर इंजन आइडल (ट्रैफिक सिग्नल पर इंतज़ार करते हुए) रखा जाता है,

तो इंजन 5 सेकंड में कट ऑफ़ हो जाएगा।(क्लच लीवर/थ्रॉटल को ना पकड़ते हुए, वाहन को स्थिर पोज़िशन में रख कर और न्यूट्रल गियर में कम से कम 2000 r/min पर इंजन गर्म हो जाता है.) i3s इंडिकेटर लगातार स्पीडोमीटर में ब्लिंक करता रहेगा, जो यह बताता है कि व्हीकल i3s कंडीशन में रुक गया है। क्लच लीवर को दबाने से इंजन फिर से चालू हो जाएगा और गियर लगाकर दोबारा वाहन को आगे बढ़ाया जा सकता है।

**नोट**

- **अगर वाहन i3s स्थिति में रुकता है और 500 सेकंडस तक आइडल रहता है (इग्निशन स्विच "ऑन" रहते हुए) i3s फ़ंक्शन डीएक्टिवेट हो जाएगा और क्लच लीवर को दबाकर वाहन शुरू नहीं होगा, राइडर को इलेक्ट्रिक या किक स्टार्ट से ही व्हीकल स्टार्ट करना होगा।**
- **अगर i3s फ़ंक्शन के अलावा किसी दूसरे तरीक़े से इंजन बंद कर दिया जाता है, तो i3s इंडिकेटर स्पीडोमीटर में नहीं चमकेगा/ ना ही ब्लिंक करेगा । ऐसी अवस्था में क्लच लीवर दबाने से व्हीकल स्टार्ट नहीं होगा। किक या इलेक्ट्रिक स्टार्ट से ही वाहन को स्टार्ट किया जा सकता है।**
- **अगर सभी ज़रूरी i3s कंडीशन पूरी होती हैं, तो i3s इंडिकेटर इंजन के कट-ऑफ होने से पहले 5 सेकंड के लिए जलेगा।**

**"ऑफ" पोज़िशन में i3s स्विच के साथ ड्राइविंग:**

ट्रैफिक जाम/या बहुत घने ट्रैफिक में गाड़ी चलाते समय जहां वाहन को रुकने और चलने की स्थिति का सामना करना पड़ता है, वहां i3s स्विच को "ऑफ" पोज़िशन में रखा जा सकता है। एक बार यह हो जाए, फिर i3s सिस्टम काम नहीं करेगा और व्हीकल वाहन नॉर्मल ऑपरेटिंग कंडीशन में रहेगा और कोई स्पेशल फंक्शन्स नहीं किया जा सकेगा।


**नोट**

- **अगर राइडर i3s स्विच को "ऑफ" पोज़िशन में रखता है, तो i3s सिस्टम काम नहीं करेगा।**
- **अगर बैटरी वोल्टेज लो है और इंजन r/min 2000 से कम है, तो हर 6 सेकंड के बाद लगातार 3 ब्लिंक्स होंगे।**
- **अगर लो बैटरी वोल्टेज का पता चलता है, इग्निशन की चाबी "ऑन" पोज़िशन में है या इंजन ऑन है, तो i3s फ़ंक्शन डीएक्टिवेटेड हो जाएगा या ठीक से काम नहीं करेगा, जब तक कि राइडर इग्निशन स्विच को "ऑफ" (⊗) पोज़िशन में डाल नहीं देता और दोबारा "ऑन" (○) पोज़िशन में नहीं करता।**
- **अगर वाहन बैटरी के बिना या डेड बैटरी पर चल रहा है और इंजन r/min 2000 से कम है, तो स्पीडोमीटर पर i3s इंडिकेटर हर 1.5 सेकंड पर लगातार ब्लिंक करेगा।**
- **अगर वाहन नीचे गिर गया है, तो हो सकता है कि i3s फ़ंक्शन ठीक से काम न करे। इंजन को दोबारा शुरू करने से पहले आप को इग्निशन स्विच को "ऑफ" (⊗) पोज़िशन में और फिर "ऑन" (○) पोज़िशन में करना होगा।**
- **अगर बैटरी अच्छी है और फिर भी i3s सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएं।**
- **अगर वाहन की बैटरी लो/डेड है या वाहन बिना बैटरी के चलता है, तो i3s सिस्टम ठीक से काम नहीं करेगा।**
- **अगर वाहन के इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (ECU) में कोई प्रॉब्लम डायग्नोस होती है, तो i3s फ़ंक्शन काम नहीं करेगा।**

## साइड स्टैंड इंडिकेटर / स्विच

ग्राहक की सुरक्षा के लिए एक साइड स्टैंड इंडिकेटर (1) दिया गया है।

साइड स्टैंड में एक साइड स्टैंड स्विच (2) दिया गया है, जब वाहन को साइड स्टैंड (इग्निशन स्विच "ऑन") पर पार्क किया जाता है, तो स्विच साइड स्टैंड इंडिकेटर लैंप को स्पीडोमीटर पैनल में ऑन करता है।




**(1) साइड स्टैंड इंडिकेटर**




**(2) साइड स्टैंड स्विच**


## फ्यूल टैंक

फ्यूल टैंक की क्षमता 9.5 लीटर है (फ्यूल गेज निडल रेड बैंड पर जाते ही फ्यूल टैंक को भरना याद रखें)।

- फ्यूल टैंक कैप (1) को निकालने के लिए, चाबी के होल का कवर (2) खोलें और इग्निशन की चाबी (3) डालकर घड़ी की दिशा में घुमाएं और कैप को निकाले।




**(1) फ्यूल टैंक कैप (2) चाबी के होल का कवर**
**(3) इग्निशन की चाबी**




**(4) फ्यूल (5) फिलर नेक**

• टैंक को ओवरफिल न करें। फिलर नेक (5) में कोई फ्यूल (4) नहीं होना चाहिए।
• लॉक करने के लिए, कैप को इस “▲" मार्क के साथ सामने की ओर रखें, ओपनिंग पर वापस आएं और धीरे से दबाएं। चाबी वापस नॉर्मल पोज़िशन में आ जाएगी और कैप लॉक हो जाएगी ।

**सावधानी**

**वाहन को सीधी धूप में पार्क न करें, क्योंकि इससे गर्मी के कारण पेट्रोल की भाप बनती है और अल्ट्रा वायलेट किरणों के चलते पेंट की चमक ख़राब हो जाती है।**

**चेतावनी**

**पेट्रोल अत्यंत ज्वलनशील होता है और कुछ शर्तों के तहत विस्फोट भी हो सकता है। जब इंजन बंद हो तब किसी अच्छी हवादार जगह पर ही पेट्रोल भरवाएं। उस जगह धूम्रपान न करें अथवा आग या चिंगारी ना ले जाएं, जहां वाहन में पेट्रोल भरा जाता है या जहां पेट्रोल रखा गया हो।**

### सीट लॉक

**स्थान:** सीट के रियर लेफ्ट साइड की ओर, रियर काउल के नीचे।


**ऑपरेशन:** सीट को अनलॉक करने के लिए, इग्निशन की चाबी (1) डालें और घडी की दिशा में घुमाएं। सीट को लगाने के लिए, फ्रेम के साथ सीट के अंदर की ओर लगे हुक को लगाएं और लॉक क्लिक होने तक सीट के टॉप रियर साइड पर दबाएं।



(1) इग्निशन की चाबी

### हेलमेट होल्डर

हेलमेट होल्डर सीट के नीचे है। सीट को निकालें। वायर हेलमेट सेट (2) (ऑप्शनल) का इस्तेमाल करते हुए हेलमेट होल्डर (1) पर हेलमेट लटकाएं। सीट (3) को इनस्टॉल करें और इसे सुरक्षित तरीक़े से लॉक करें।




(1) हेलमेट होल्डर हुक
(2) वायर हेलमेट सेट (ऑप्शनल)
(3) सीट

**चेतावनी**

- सवारी करते हुए होल्डर से जुड़ा हेलमेट रियर व्हील के सस्पेंशन में दिक़्क़त ला सकता है और यह दुर्घटना का कारण बन सकता है, जिसमें आप गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या जान जा सकती है।
- हेलमेट होल्डर का इस्तेमाल पार्क करते समय ही करें। होल्डर में हेलमेट लटकाकर सवारी न करें।

## USB चार्जर

आप के मोबाइल फोन को सुरक्षित रूप से चार्ज करने के लिए यूएसबी चार्जर कम्पार्टमेंट (3) के अंदर कैप (2) वाला एक यूएसबी चार्जर (1) है। नॉन-स्टैण्डर्ड यूएसबी केबल के उपयोग से मोबाइल फोन को नुकसान हो सकता है। मोबाइल फ़ोन को चार्जर से कनेक्ट करने के लिए, पहले USB चार्जर का कैप खोलें और उसमें चार्जर केबल लगाएं। नॉन-स्टैण्डर्ड यूएसबी केबल के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के लिए हीरो मोटोकॉर्प ज़िम्मेदार नहीं होगा।




(1) यूएसबी चार्जर (2) कैप
(3) यूएसबी चार्जर कम्पार्टमेंट

**सावधानी**

- सवारी करते समय सड़क के झटकों से होने वाले किसी भी नुकसान से बचने के लिए डिवाइस को हमेशा एक मुलायम साफ़ कपड़े/तौलिये में रखें।
- एक से ज़्यादा चार्जिंग से बचें, एक साथ कई चार्जिंग करने से चार्जिंग स्लो या नो चार्जिंग हो सकती है।
- यूएसबी पोर्ट उचित यूएसबी डिवाइसेस की चार्जिंग के लिए है।
- वाहन जब पार्क हो, तब यूएसबी डिवाइस और यूएसबी केबल को यूएसबी चार्जर कम्पार्टमेंट में न छोड़ें।
- अपने डिवाइस को तभी चार्ज करें जब इंजन चालू हो या आप राइडिंग कर रहे हों।
- मोबाइल इस्तेमाल के लिए:
  - यूएसबी चार्जर कंपार्टमेंट में मोबाइल को नुकसान पहुँचने का ख़तरा होता है, इस विशेषता का उपयोग करते हुए ज़रूरी सावधानी बरतनी चाहिए।
  - मोबाइल को यूएसबी चार्जर कम्पार्टमेंट में रखते समय हार्ड मटेरियल को मोबाइल से दूर रखें।
  - गीला होने पर यूएसबी चार्जर कम्पार्टमेंट के इस्तेमाल से बचें।
  - केबल कटने से बचने के लिए यूएसबी चार्जर कवर (ऑप्शनल) लगाने से पहले कृपया सुनिश्चित करें कि केबल ठीक से रखी गयी है।
  - यूएसबी चार्जर कम्पार्टमेंट को मोबाइल के कुछ विशेष आकार के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें एक्सेसरीज़, कवर आदि शामिल नहीं हैं, जो की किसी भी फ़ंक्शन को बाधित कर सकते हैं।
- यूएसबी चार्जर कैप डैमेज होने पर यूएसबी चार्जर वॉरंटी के तहत कवर नहीं किया जाएगा।

**नोट**

- **यूएसबी चार्जर के अंदर कोई साबुन का घोल, ऑयल या ग्रीस ना लगाएं।**
- **पानी से धोने से पहले किसी भी निजी सामान को नुकसान से बचाने के लिए हटा देना चाहिए।**
- **बारिश / पानी से धोने के दौरान धूल या पानी के प्रवेश को रोकने के लिए उपयोग के बाद हमेशा यूएसबी पोर्ट कैप को बंद रखें।**
- **किसी भी शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए कैप बंद होने की स्थिति में भी पानी के जेट को सीधे पोर्ट पर न डालें। हमेशा यूएसबी पोर्ट के उपयोग से पहले एक सूखे कपड़े या बिना नमी वाली कम्प्रेस्ड एयर से उस एरिया को सुखाए।**
- **यूएसबी चार्जर कैप को ठीक से लॉक करने के लिए कैप को थोड़ा दबाएं।**
- **मोबाइल का चार्जिंग टाइम, चार्ज का मोबाइल बैटरी स्टेट, मोबाइल की बनावट और कंडीशन के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।**

**प्री-राइड इंस्पेक्शन**

एक आरामदायक राइडिंग और सुरक्षा बढ़ाने के लिए आप को वाहन की सवारी से पहले प्री-राइडिंग इंस्पेक्शन करना चाहिए। अपने वाहन की नियमित सफ़ाई करें। यह ऊपरी सतह की चमक की रक्षा करता है। ऐसे चीज़ों से सफ़ाई करने से बचें, जो ख़ास तौर से वाहन की सतहों के लिए नहीं बनाए गए हैं। हर दिन इंजन शुरू करने से पहले अपने वाहन का निरीक्षण करें। जिन चीज़ों का ज़िक्र किया गया है, वो कुछ मिनट्स लेते हैं और लंबे समय के लिए वे आप का समय, ख़र्च और संभवतः आप की ज़िन्दगी बचा सकते हैं। कृपया नीचे दिए गए सुझावों का पालन करें:

- **इंजन ऑयल लेवल -** ज़रूरी हो, तो इंजन ऑयल की जांच करें और टॉप अप करें **(पेज 33)**। लीक्स की जाँच करें।
- **प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL) -** जब इग्निशन स्विच को "ऑन" किया जाता है, तो प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL) लगातार जलता रहता है और फिर इंजन चालू होने के बाद "ऑफ़" हो जाना चाहिए।
- **फ्यूल लेवल -** सुनिश्चित करें कि यात्रा के लिए आपके फ्यूल टैंक में पर्याप्त फ्यूल हो । फ्यूल लेवल गेज निडल रेड बैंड **(पेज 19)** से ऊपर होनी चाहिए। लीक्स की जाँच करें।
- **फ्रंट ब्रेक (डिस्क टाइप) -** मास्टर सिलेंडर में सही ब्रेक फ्लुइड लेवल की जांच करें **(पेज 44)**।
- **फ्रंट और इंटीग्रेटेड ब्रेक्स (ड्रम टाइप) -** ऑपरेशन की जांच करें। ज़रुरत हो तो फ्री प्ले को एडजस्ट करें **(पेज 45)**।
- **रियर ब्रेक -** ऑपरेशन की जाँच करें। ज़रुरत हो तो फ्री प्ले को एडजस्ट करें **(पेज 47)**।
- **टायर्स -** कंडीशन और प्रेशर की जाँच करें **(पेज 52)**।
- **क्लच -** स्मूथ ऑपरेशन के लिए जाँच करें। फ्री प्ले को एडजस्ट करें **(पेज 40)**।
- **ड्राइव चैन -** कंडीशन और स्लैकनेस की जाँच करें **(पेज 41)**। ज़रुरत हो तो अडजस्ट और लुब्रिकेट करें।
- **थ्रॉटल -** सभी स्टीयरिंग पोज़ीशन पर स्मूथ ओपनिंग और क्लोजिंग के लिए जांच करें **(पेज 41)**।
- **लैंप्स और हॉर्न -** हेडलैंप, टेल/स्टॉप लैंप, टर्न सिग्नल लैंप्स और हॉर्न ठीक से काम कर रहे है या नहीं इसकी जांच करें ।
- **रियर व्यू मिरर -** यह सुनिश्चित करें कि जब आप वाहन पर बैठे हों तो रियर व्यू मिरर बेहतर रियर व्यू दे रहा है।

- **i3s स्विच -** सुनिश्चित करें कि i3s स्विच "ऑन" या "ऑफ़" पोज़ीशन में है **(पेज 17)**।
- **i3s सिस्टम -** सुनिश्चित करें कि i3s सिस्टम ठीक से काम कर रहा है **(पेज 17)**।
- **फिटिंग और फास्नर्स -** ज़रुरत हो तो जांचें और टाइट करें।
- **स्टीयरिंग -** मोड़ पर आसान स्मूथ एक्शन के लिए जाँच करें।
- **साइड स्टैंड इंडिकेटर -** सुनिश्चित करें कि साइड स्टैंड ऊपर है। यदि यह नीचे है तो स्पीडोमीटर पैनल पर साइड स्टैंड इंडिकेटर **(पेज 19)** जलेगा ।

**इंजन स्टार्ट करना**

हमेशा नीचे बताए गए स्टार्टिंग प्रक्रिया का पालन करें:

- आपके वाहन के एग्जॉस्ट सिस्टम के कैटेलिटिक कन्वर्टर की सुरक्षा के लिए, लंबे समय तक आइडल रहने और लीडेड पेट्रोल के इस्तेमाल से बचें।
- आपके वाहन के एग्जॉस्ट में ज़हरीली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस है। बंद जगहों पर जैसे गैरेज में कार्बन मोनोऑक्साइड के हाई लेवल तेज़ी से इकठ्ठा हो सकते हैं। गैरेज का दरवाज़ा बंद करके इंजन न चलाएं।

**सावधानी**

- **अगर इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच को लगातार दबाया जाता है और इंजन चालू नहीं होता है, तो इंजन की क्रैंकिंग 5 सेकंड के बाद बंद हो जाएगी। उसके बाद राइडर को फिर से इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच को दबाना होगा।**
- **अगर इंजन चालू हो जाता है, तो r/min 850 से ज़्यादा होने के बाद इंजन की क्रैंकिंग बंद हो जाएगी।**

**तैयारी**

शुरू करने से पहले चाबी डालें और नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करें:

- इग्निशन स्विच (1) को "ऑन" ( ) पोज़ीशन में घुमाएं ।
- सुनिश्चित करें कि प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL) (2) लगातार चमकता है और फिर इंजन चालू होने के बाद "ऑफ़" हो जाना चाहिए।




**(1) इग्निशन स्विच (2) प्रोग्राम्ड-FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैम्प (MIL)**

**नोट**

**अगर वाहन चालू होने पर भी MIL "ऑन" रहता है, तो प्रोग्राम्ड FI सिस्टम में कोई ख़राबी है। ऐसे में वाहन को धीमी गति से चलाकर चेक-अप के लिए अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में ले जाने के लिए कहा गया हैं ।**

- न्यूट्रल पोजीशन ढूंढें और इग्निशन "ऑन" में इंस्ट्रुमेंट कंसोल पर न्यूट्रल Ⓝ इंडिकेटर (3) चेक करें।




(3) **न्यूट्रल इंडिकेटर**

- सुनिश्चित करें कि i3s स्विच (4) "ऑन" या "ऑफ़" पोज़ीशन में है।




(4) **i3s स्विच**

- **इलेक्ट्रिक स्टार्ट:** थ्रॉटल को पूरी तरह से बंद कर के इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच को दबाएं।
- **किक स्टार्ट:** किक स्टार्टर को तब तक दबाएं जब तक कि प्रतिरोध महसूस न हो जाए। फिर किक स्टार्टर को ऊपर कि ओर उसके स्ट्रोक पर लौटने दें। तेज़ी से और लगातार स्ट्रोक के टॉप से नीचे तक किक करें।

**स्टार्टिंग प्रक्रिया**

इस वाहन में एक **आइडल एयर कण्ट्रोल वॉल्व (IACV)** के साथ एक फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन है।

नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करें:

- किसी भी व्यापक तापमान पर :
- थ्रॉटल को पूरी तरह से बंद करके स्टार्टर स्विच को दबाएं।

**किसी भी एयर टेम्परेचर पर**

थ्रॉटल को पूरी तरह से बंद करके स्टार्टर स्विच को दबाएं। अगर थ्रॉटल खुला है, तो इंजन स्टार्ट नहीं होगा, क्योंकि **इलेक्ट्रॉनिक कण्ट्रोल यूनिट** (ECU) फ्यूल सप्लाई को कट-ऑफ़ कर देता है।

**फ्लडेड इंजन**

अगर बार-बार कोशिश करने के बाद भी इंजन स्टार्ट नहीं होता है, तो यह अतिरिक्त फ्यूल से भरा हो सकता है ।

- थ्रॉटल को पूरा खोल दें।
- स्टार्टर स्विच को 5 सेकंड के लिए दबाएं।
- नॉर्मल स्टार्टिंग प्रक्रिया का पालन करें।
- अगर इंजन अस्थिर आइडल से शुरू होता है, तो थ्रॉटल को थोड़ा सा खोलें।
- अगर इंजन स्टार्ट नहीं होता है, तो 10 सेकंड के लिए रुकें और पहले 3 स्टेप्स का फिर से पालन करें।

**इग्निशन कट ऑफ**

अगर वाहन नीचे गिर जाता है, तो आपका वाहन स्वयं इंजन और फ्यूल पंप को स्वचालित रूप से बंद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**(बैंक एंगल सेंसर इग्निशन को बंद कर देता है)।**

**नोट**

**अगर वाहन नीचे गिर गया है, तो इंजन को फिर से चालू करने से पहले आपको इग्निशन स्विच को "ऑफ" (⨂) पोज़िशन में करके फिर से "ऑन" (◯) पोज़िशन में करना होगा।**

**रनिंग इन**

पहले 500 km के दौरान आप कैसे सवारी करते हैं, इस पर ज़्यादा ध्यान देकर आप अपने वाहन के भविष्य की विश्वसनीयता और प्रदर्शन को सुनिश्चित करने में अपनी सहायता कर सकते हैं।

इस दौरान, फुल-थ्रॉटल स्टार्ट और तेजी से एक्सलरेशन करने से बचें।

**नोट**

- **इंजन स्टार्ट करने के लिए अगर कोई गियर लगा हुआ है, तो क्लच लीवर दबाएं और स्टार्टर स्विच दबाएं।**
- **वाहन स्टार्ट करते समय थ्रॉटल को न खोलें।**

**चेतावनी**

**इंजन को कभी भी बंद जगह पर न चलाएं, एग्जॉस्ट में ज़हरीली गैसें होती हैं।**

**राइडिंग**

- इंजन गर्म होने के बाद, वाहन सवारी के लिए तैयार है।
- जब इंजन आइडल हो, तो क्लच लीवर दबाएं और गियरशिफ्ट पेडल को 1st (लो) गियर में शिफ्ट करने के लिए दबाएं।




- क्लच लीवर को धीरे-धीरे छोड़ें और साथ ही थ्रॉटल को खोलकर धीरे-धीरे इंजन का स्पीड बढ़ाएं। थ्रॉटल और क्लच लीवर का आपसी ताल-मेल यह सुनिश्चित करेगा कि - एक अच्छा स्मूथ पॉजिटिव स्टार्ट मिले।
- जब वाहन एक ठीक-ठाक गति पा ले, तो थ्रॉटल को बंद कर दें, क्लच लीवर को दबाएं और गियरशिफ्ट पेडल को दबा कर 2nd गियर में शिफ्ट करें।
- 3rd और 4th (टॉप गियर) को शिफ्ट करने के लिए क्रम को बार-बार दोहराया जाता है।

**क्लच स्लिपेज, असमान स्टालिंग से बचने और ऑप्टिमम परफॉरमेंस पाने के लिए राइडिंग रेकमेंडेशन नीचे दी गई है :**

| गियर | न्यूनतम गति (km/h) | अधिकतम गति (km/h) |
|---|---|---|
| 1st | 0 | 20 |
| 2nd | 12 | 45 |
| 3rd | 20 | 70 |
| 4th | 30 | अधिकतम |

**सावधानी**

**क्लच ऑपरेशन के बिना और थ्रॉटल को बंद किए बिना गियर को शिफ्ट न करें अन्यथा इससे गियर खराब हो सकते हैं।**

**ब्रेकिंग**

- सामान्य ब्रेकिंग के लिए, थ्रॉटल को बंद करें और सड़क पर अपनी गति धीमी करने के लिए गियर डाउन करते हुए धीरे-धीरे दोनों फ्रंट और रियर ब्रेक को एक साथ दबाएं।
- अधिकतम डीसीलरेशन/जल्दी से वाहन रोकने के लिए, थ्रॉटल को बंद करें और फ्रंट और रियर ब्रेक्स को एक साथ लगाएं।

**इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम (IBS) के लिए**

वाहन को रोकने के लिए, एक साथ फ्रंट और रियर ब्रेक लगाने के लिए रियर ब्रेक पेडल को दबाएं। हालांकि, अधिक प्रभावशाली ब्रेकिंग के लिए, थ्रॉटल को बंद पोज़ीशन में रखते हुए, एक साथ आगे और पीछे के ब्रेक को लगाने की सलाह दी जाती है।

एक साथ आगे और पीछे के ब्रेक को लगाने की सलाह दी जाती है।

**चेतावनी**

- **गीली या बरसाती कंडीशन में, या ढीली सतहों पर व्हील स्लिप से बचने के लिए रियर ब्रेक लगाने के बाद सावधानी से फ्रंट ब्रेक लगाएं।**
- **हद से ज़्यादा ब्रैकिंग से व्हील लॉक हो सकता है और आप वाहन पर नियंत्रण खो सकते हैं।**
- **जहां भी संभव हो, किसी भी मोड़ पर पहुँचने से पहले गति कम करें या पहले ब्रेक लगाएं, मोड पर बीचो-बीच थ्रॉटल बंद करने या ब्रेक लगाने से व्हील स्लिप हो सकता है। व्हील स्लिप होने से वाहन पर नियंत्रण खो सकते हैं।**
- **गीली या बरसाती कंडीशन में, या ढीली सतहों पर सवारी करते समय वाहन को रोकने की क्षमता कम हो जाती है।**
- **इन परिस्थितियों में आप के सभी एक्शन्स स्मूथ होने चाहियें। अचानक एक्सलरेशन करना, ब्रैकिंग या टर्निंग नियंत्रण खोने के कारण हो सकते है। अपनी सुरक्षा के लिए, ब्रेक लगाते हुए, गति बदलते समय या मुड़ते समय अत्यधिक सावधानी बरतें।**
- **किसी लंबी खड़ी ढलान पर उतरते समय रुक-रुक कर दोनों ब्रेक्स का उपयोग कर के लोअर गियर में जाते हुए इंजन ब्रेकिंग (पावर) का इस्तेमाल करें । लगातार ब्रेक लगाने से ब्रेक ज़्यादा गर्म हो सकते हैं और उनकी कार्यक्षमता कम हो सकती है।**

**पार्किंग**

वाहन को रोकने के बाद, ट्रांसमिशन को न्यूट्रल में शिफ्ट करें, इग्निशन स्विच को "ऑफ़" (⊗) करें, वाहन मेन स्टैंड पर पार्क करें, स्टीयरिंग लॉक करें और चाबी निकाल लें ।

**सावधानी**

- **वाहन को पलटने से बचाने के लिए समतल ज़मीन पर पार्क करें।**
- **साइड स्टैंड पर वाहन पार्क करते समय फर्स्ट गियर लगाएं।**

**टूल किट / फर्स्ट एड किट**

टूल किट (1) पीछे की ओर सीट के नीचे रखा है। कुछ आपातकालीन मरम्मत, मामूली एडजस्टमेंट्स और पार्ट्स को बदलने का काम किट में मौजूद टूल्स से किया जा सकता है।

किट में निम्नलिखित टूल होते हैं:

- टूल बैग-1 No.
- +, - 2 नं. का ड्राइवर-1 No.
- ग्रिप-1 No.
- बॉक्स रिंच 16x14-1 No.
- पिन स्पैनर-1 No.




(1) टूल किट (2) फर्स्ट एड किट

फर्स्ट ऐड किट (2) पीछे की ओर सीट के नीचे रखा है। कुछ आपातकालीन स्थितियों में किट में मौजूद दवाइयों से प्राथमिक उपचार किया जा सकता है।

किट में निम्नलिखित आइटम हैं:

- एंटीसेप्टिक क्रीम-1 No.
- स्टर्लाइज्ड ड्रेसिंग-1 No.
- वाटर प्रूफ प्लास्टर-1 No.
- इलास्टिक बैंडेज-1 No.
- गॉज (लपेटने वाली बैंडेज)-1 No.
- स्टर्लाइज्ड इलास्टिक प्लास्टर-1 No.
- फर्स्ट एड बैग-1 No.

**वाहन की सफाई और धुलाई**

वाहन धोने के लिए नीचे दिए गए स्टेप्स का पालन करें।

- हल्के पानी के स्प्रे से वाहन को गीला करें। मीटर कंसोल, मफलर आउटलेट और इलेक्ट्रिकल पार्ट्स पर सीधे स्प्रे का इस्तेमाल करने से बचें।
- हल्के डिटर्जेंट और पानी के घोल से भीगे हुए कपड़े या स्पंज के इस्तेमाल से हेडलैंप लेंस और दूसरे प्लास्टिक पार्ट्स को साफ करें।
- गन्दी जगहों को धीरे-धीरे रगड़ें और उसे बार-बार साफ़ पानी से धो लें।
- साफ करने के बाद पानी को अच्छी तरह से स्प्रे करें।
- वाहन को सूखे मुलायम कपड़े से पोंछकर सुखाएं।

**नोट**

- **हमारी अधिकृत डीलरशिप धुलाई के दौरान बताए गए डिटर्जेंट और मफलर कैप/प्लग के उपयोग जैसी सभी सावधानियां बरतती हैं, ताकि बेहतर धुलाई सुनिश्चित हो सके।**
- **हाई प्रेशर वाले पानी (या एयर) का इस्तेमाल ना करें। यह वाहन के कुछ पार्ट्स को नुकसान पहुंचा सकता है।**

**मेंटेनेंस**

**मेंटेनेंस का महत्व**

सुरक्षित किफायती और झंझट मुक्त राइडिंग के लिए एक सही से मेंटेन किया हुआ वाहन बहुत ज़रूरी है। इससे प्रदूषण भी कम होता है।

आपकी मदद करने के लिए, अपने वाहन की उचित देखभाल करें, निम्नलिखित पन्नों में नियमित शेड्यूल मेंटेनेंस के लिए एक मेंटेनेंस शेड्यूल और मेंटेनेंस रिकॉर्ड शामिल है।

ये निर्देश इस धारणा पर आधारित हैं कि वाहन का उपयोग विशेष रूप से इसके डिज़ाइन किए गए उद्देश्य के लिए किया जाएगा।

लगातार हाई स्पीड ऑपरेशन या आम तौर पर गीली या धूल भरे माहौल में सवारी करने से मेंटेनेंस शेड्यूल में बताए गए अनुसार से भी ज़्यादा बार - बार सर्विस की ज़रुरत पड़ती है।

अपनी व्यक्तिगत ज़रूरतों और उपयोग के लिए ज़रूरी रेकमेंडेशन के लिए अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प डीलर से सलाह लें ।

अगर आप का वाहन पलट जाता है या दुर्घटना में शामिल हो जाता है, तो सुनिश्चित करें कि आप विस्तृत निरीक्षण के लिए अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।

**चेतावनी**

- **इस वाहन का अनुचित रखरखाव या सवारी करने से पहले किसी समस्या को ठीक करने में नाकाम होने पर दुर्घटना हो सकती है जिसमें आप गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या जान भी जा सकती है।**
- **हमेशा ओनर्स मैन्युअल में बताए गए इंस्पेक्शन और मेंटेनेंस रेकमेंडेशन्स और शेड्यूल्स का पालन करें।**

**मेंटेनेंस की सुरक्षा**

इस सेक्शन में कुछ ज़रूरी मेंटेनेंस दिशा निर्देश शामिल किए गए हैं। आप इनमें से कुछ कार्य दिए गए टूल के साथ कर सकते हैं (अगर आप के पास बेसिक मैकेनिकल स्किल्स हैं)।

दूसरे कार्य जो ज़्यादा मुश्किल हैं और जिनके लिए स्पेशल टूल्स की ज़रूरत होती है, वे प्रोफेशनल्स द्वारा बेहतर रूप से किए जाते हैं। इसपर ज़ोर दिया जाता है कि व्हील निकालने का काम सामान्य रूप से हीरो मोटोकॉर्प अधिकृत वर्कशॉप द्वारा किया जाना चाहिए।

आप इस मैन्युअल के निम्नलिखित पन्नों में कुछ सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा सावधानियों के बारे में जानेंगे।

हालांकि, हम आपको मेंटेनेंस के दौरान आने वाले हर संभावित ख़तरे के बारे में चेतावनी नहीं दे सकते हैं। सिर्फ़ आप ही तय कर सकते हैं कि आपको दिए गए कार्य को करना चाहिए या नहीं।

**चेतावनी**

- **मेंटेनेंस के निर्देशों और सावधानियों का ठीक से पालन करने में नाकाम होना आप को गंभीर रूप से घायल कर सकता है।**
- **इस ओनर्स मैन्युअल की प्रक्रियाओं और सावधानियों का हमेशा पालन करें।**

## सुरक्षा के लिए सावधानियाँ

- किसी भी मेंटेनेंस या मरम्मत शुरू करने से पहले सुनिश्चित करें कि इंजन "ऑफ़" है। यह कई संभावित ख़तरों को कम करने में मदद करेगा:
- **इंजन एग्जॉस्ट से जहरीला कार्बन मोनोऑक्साइड निकलता है।**
- सुनिश्चित करें कि जब भी आप इंजन ऑपरेट करते हैं तो पर्याप्त वेंटिलेशन हो।
- **गर्म पार्ट्स से जलना।**
  वाहन छूने से पहले इंजन और एग्जॉस्ट सिस्टम को ठंडा होने दें।
- **चलने फिरने वाले पार्ट्स से लगने वाली चोटें।**
  जब तक ऐसा करने का निर्देश न दिया जाए, तब तक इंजन को न चलाएं।
- शुरू करने से पहले निर्देश पढ़ें और सुनिश्चित करें कि आपके पास ज़रूरी टूल्स और स्किल्स हैं।
- वाहन को गिरने से बचाने के लिए, इसे अच्छी तरह से मैन स्टैंड, समतल सतह पर पार्क करें।
- आग या विस्फोट की संभावना को कम करने के लिए, पेट्रोल या बैटरी के आसपास काम करते समय सावधान रहें। पार्ट्स को साफ़ करने के लिए पेट्रोल के बदले सिर्फ़ नॉन-फ्लेमेबल सॉल्वेंट का प्रयोग करें। सिगरेट, चिंगारी और आग की लपटों को बैटरी और फ्यूल से जुड़े सभी हिस्सों से दूर रखें।
- याद रखें कि आप का अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप आप के वाहन को सबसे अच्छी तरह जानता है और इसे बनाए रखने और मरम्मत करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहता है।
- बेहतर गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए, यह सुझाव दिया जाता है की मरम्मत और रिप्लेसमेंट के लिए हीरो मोटोकॉर्प के जेन्युइन पार्ट्स का उपयोग करें।

**मेंटेनेंस शेड्यूल**

प्रत्येक मेंटेनेंस शेड्यूल पीरियड में प्री-राइड इंस्पेक्शन **(पेज 22)** करें।

**I : निरीक्षण, C : साफ, R : बदलें, A : एडजेस्ट, O: ऑयल बदलना, L : लुब्रिकेट, T : टॉप अप, E : एमिशन चेक करें।**

निम्नलिखित रखरखाव अनुसूची में आपके वाहन को बेहतरीन ऑपरेटिंग स्थिति में रखने के लिए आवश्यक सभी रखरखाव की जानकारी दी गई है। रखरखाव का काम उचित रूप से प्रशिक्षित और सुसज्जित तकनीशियनों द्वारा हीरो मोटोकॉर्प के मानकों और निर्देशों के अनुसार किया जाना चाहिए। आपकी अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप इन सभी आवश्यकताओं को पूरा करती है।

सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पेड सर्विस पिछली सर्विस की तारीख से 90 दिनों या 3000 किमी के भीतर इनमें से जो भी पहले हो पर करा ली गई है।

🔧 जब तक मालिक के पास सम्बंधित टूल्स, तकनीकी जानकारी और तकनीकी रूप से योग्य न हो, तब तक आपके ऑथोराइज्ड हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप द्वारा सर्विस की जानी चाहिए।

⚒ सुरक्षा के दृष्टि से, हम सलाह देते हैं कि यह कार्य केवल अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप द्वारा किये जाए।

**नोट-1** : हाई ओडोमीटर रीडिंग पर, यहां दिये गए फ्रीक्वेंसी इंटरवल को दोहराएं।

**नोट-2** : प्रत्येक 15000 km में एक बार एयर क्लीनर एलिमेंट को बदलें या धूल भरे क्षेत्रों में वाहन चलाने पर कम अंतराल में बदलने की आवश्यकता हो सकती है।

**नोट-3** : प्रत्येक 6000 kms में एक बार इंजन ऑयल बदलें। प्रत्येक 3000 kms में एक बार टॉप अप करें।

**नोट-4** : प्रत्येक 2000 किमी पर ड्राइव चैन के निरीक्षण, सफाई, लूब्रिकेशन और समायोजन के लिए अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप पर जाएं।

**नोट-5** : प्रत्येक 2 साल में एक बार या 30000 km, जो भी पहले हो, ब्रेक फ्लूइड को बदलें।

**नोट-6** : निर्दिष्ट टॉर्क का निरीक्षण करें और उसे बनाए रखें।

**नोट-7** : बियरिंग फ्री प्ले का निरीक्षण करें, यदि आवश्यक हो तो बदलें।

**नोट -8** : फ्रंट फॉर्क ऑयल को हर 2 साल या 30,000 किमी में एक बार बदलें, जो भी पहले आए ।

**नोट -9** : माउंटिंग बुश में किसी भी तरह के प्ले का निरीक्षण करें, यदि आवश्यक हो तो बदल दें ।

**नोट-10** : आइडल स्थिति मे सीओ उत्सर्जन की जांच करें।

**नोट -11** : कैनिस्टर के होजों को विकृति, क्षति या ढीले कनेक्शन और कैनिस्टर को दरारों या अन्य क्षति के लिए जाँचें ।

**नोट** : हमेशा वाहन धोने के बाद वाहन का पानी पोंछे। पानी को पूरी तरह से सुखाने के लिए साफ मुलायम कपड़े या दबाव वाली हवा का प्रयोग करें।

+91 8367796950 - इस नंबर पर मिस्ड कॉल दें या

QR कोड स्कैन करें।

# मेंटेनेंस शेड्यूल

प्रिय ग्राहक,

आपके वाहन को सही चलने की स्थिति और स्वस्थ वातावरण में रखने के लिए, हम नीचे दिए गए शेड्यूल की सख़्त हिदायत देंगे। धूल भरे माहौल में गंभीर उपयोग या सवारी करने से वाहन को अधिक बार सर्विसिंग की आवश्यकता होगी।

| आइटम | | जो भी पहले आता हो | फ्री सर्विस पीरियड के दौरान | | | | | फ्री सर्विस के बाद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सर्विस | 1st | 2nd | 3rd | 4th | 5th | | | | | |
| | | दिन | 1st 60 | अगले 100 | अगले 100 | अगले 100 | अगले 100 | | | | | |
| | | KM नोट-1 | 500-750 | 3000-3500 | 6000-6500 | 9000-9500 | 12000-12500 | 3000 | 6000 | 9000 | 12000 | 15000 |
| | फ्यूल लाइन | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | थ्रॉटल ऑपरेशन | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| | एयर क्लीनर एलिमेंट | नोट-2 | जब तक संचालन से सम्बन्धित समस्या न हो तब तक एयर क्लीनर एलिमेंट को न खोलें | | | | | | | | | R |
| | स्पार्क प्लग | | I, C, A | I, C, A | I, C, A | I, C, A | R | I, C, A | | | R | |
| | वॉल्व क्लियरेंस | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| | इंजन ऑयल | नोट-3 | O | I, T | O | I, T | O | I, T | O | | | |
| | इंजन ऑयल स्ट्रेनर स्क्रीन | | C | | | | C | | | | C | |
| | इंजन ऑयल फ़िल्टर | | I | | I | | R | | I | | R | |
| | इलेक्ट्रिक स्टार्टर | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | ऑयल (सर्कुलेशन) | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | ड्राइव चैन | नोट-4 | I,C,L,A हर 2000 kms पर | | | | | I,C,L,A हर 2000 kms पर | | | | |
| | ड्राइव चैन स्लाइडर | | | I | I | I | I | I | | | | |
| | बैटरी वोल्टेज | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | ब्रेक शू | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| | डिस्क वियर/ पैड वियर | | I | I | I | I | I | I | | | | |

| आइटम | | जो भी पहले आता हो | फ्री सर्विस पीरियड के दौरान | | | | | फ्री सर्विस के बाद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सर्विस | 1st | 2nd | 3rd | 4th | 5th | | | | | |
| | | दिन | 1st 60 | अगले 100 | अगले 100 | अगले 100 | अगले 100 | | | | | |
| | | KM नोट-1 | 500-750 | 3000-3500 | 6000-6500 | 9000-9500 | 12000-12500 | 3000 | 6000 | 9000 | 12000 | 15000 |
| | ब्रेक फ्लुइड | नोट-5 | I, T | I, T | I, T | I, T | I, T | I, T | | | | |
| | ब्रेक सिस्टम (ब्रेक कैम और ब्रेक पेडल) | | | C, L | | C, L | | | C, L | | | |
| | स्टॉप लैंप स्विच | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| | हेडलैंप फोकस | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| | क्लच लीवर फ्री प्ले | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| | साइड स्टैंड पिवट बोल्ट | | C, L | C, L | C, L | C, L | C, L | C, L | | | | |
| | रियर ब्रेक पैडल / मेन स्टैंड पिवट | | C, L | C, L | C, L | C, L | C, L | C, L | | | | |
| | साइड स्टैंड स्विच | | I, C | I, C | I, C | I, C | I, C | I, C | | | | |
| | i3s सिस्टम | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | नट, बोल्ट्स और फास्टनर्स | नोट-6 | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | व्हील बियरिंग | नोट-7 | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | व्हील / टायर | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | स्टीयरिंग हेड बियरिंग | | I | I, A | I | I, A | I, L, A | I | I, A | | I, L, A | |
| | फ्रंट सस्पेंशन / ऑयल | नोट-8 | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | रियर सस्पेंशन | नोट-9 | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | मफलर (कैटेलिटिक कन्वर्टर) | नोट-10 | | | I, E | | I, E | | I, E | | | |
| | इवैपोरेटिव एमिशन कंट्रोल सिस्टम | नोट-11 | I | I | I | I | I | I | | | | |


**स्पार्क प्लग का निरीक्षण**

**रेकमेंडेड स्पार्क प्लग्स:**

**NGK-CR7HSA, P-RZ9HC (फ़ेडरल मोगुल) और बॉश-UR4AC**

यह हीट रेंज नंबर का स्पार्क प्लग वाहन चलाने के लिए उपयुक्त है। हालांकि, यदि वाहन को हाई स्पीड से या गर्म क्लाइमेट में अधिक शक्ति के साथ लम्बे समय तक चलाना हो, तो स्पार्क प्लग को कोल्ड हीट रेंज नंबर में बदल देना चाहिए, यदि जरुरत पड़े, तो इस पर आप हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से जानकारी ले सकते हैं।


- स्पार्क प्लग बेस के आसपास की गंदगी को साफ करें।
- नॉइज़ सप्रेसर कैप (1) को डिस्कनेक्ट करें और टूल बैग में दिए गए स्पार्क प्लग बॉक्स रिंच की मदद से स्पार्क प्लग (2) को निकालें।




(1) नॉइज़ सप्रेसर कैप (2) स्पार्क प्लग

- वियर के लिए स्पार्क प्लग इलेक्ट्रोड को आँखों से देखकर निरिक्षण करें। सेंटर इलेक्ट्रोड में चोकोर किनारे होने चाहिए और साइड इलेक्ट्रोड घिसा हुआ नहीं होना चाहिए।

यदि वियर दिखाई दे या इंसुलेटर टूट गया हो या चिपक गया हो तो स्पार्क प्लग को रद्द कर दें ।




- वायर-टाइप फीलर गेज का उपयोग कर के जरूर देखें कि स्पार्क प्लग गैप 0.6-0.7 mm है। यदि एडजस्टमेंट की जरुरत है, तो साइड इलेक्ट्रोड को सावधानी से बेंड करें। साथ ही यह भी जरूर देखें कि प्लग वॉशर अच्छी स्थिति में है।
- क्रॉस-थ्रेडिंग से बचने के लिए स्पार्क प्लग को प्लग वॉशर के साथ हाथ से लगाए ।
- वॉशर को कंप्रेस करने के लिए स्पार्क प्लग रिंच का उपयोग कर के एक नया स्पार्क प्लग 1/2 घुमाकर कस लें। यदि आप किसी प्लग को फिर से इस्तेमाल कर रहे हैं, तो प्लग सीट के बाद उसे केवल 1/8-1/4 घुमाना चाहिए|

**इंजन ऑयल**

हीरो जेन्युइन इंजन ऑयल या रेकमेंडेड ग्रेड ऑयल का इस्तेमाल करें ।

**ब्रांड : हीरो 4T प्लस**

**ग्रेड : SAE 10W 30 SL ग्रेड (JASO MA2)**

द्वारा निर्मित :

- टाइड वाटर ऑयल कंपनी (इंडिया) लिमिटेड


•सविता ऑयल टेक्नोलॉजीस लिमिटेड ।
•भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ।

**ऑयल की क्षमता : 0.95 लीटर**

**इंजन ऑयल लेवल का निरीक्षण/टॉप अप की प्रक्रिया**


रोज़ वाहन चलाने से पहले इंजन ऑयल लेवल को देखें। ऑयल लेवल को नापने के लिए ऑयल लेवल डिपस्टिक (1) राइट क्रैंककेस कवर पर होना चाहिए। ऑयल के लेवल को ऑयल लेवल डिपस्टिक के अप्पर (2) और लोअर (3) लेवल मार्क्स के बीच रखना चाहिए।

यदि ऑयल का लेवल लोअर लेवल मार्क्स या हर 3000 km पर जो भी पहले हो, तक पहुँच जाता है, तो टॉप अप करें।




**(1) ऑयल लेवल डिपस्टिक (2) अप्पर लेवल मार्क (3) लोवर लेवल मार्क**

•वाहन को उसके मेन स्टैंड पर पार्क करें।
•इंजन चालू करें और इसे 3-5 मिनट के लिए आइडल रहने दें।
•इंजन ऑयल चेक बोल्ट (4) को थोड़ा ढीला करें और सिलिंडर हेड में इंजन ऑयल के प्रवेश की जांच करें।





**(4) इंजन ऑयल चेक बोल्ट**

•ऑयल सर्कुलेशन चेक करने के बाद इंजन ऑयल चेक बोल्ट को कस लें।
•इंजन बंद करें और 2-3 मिनट रुकें।
•ऑयल लेवल डिपस्टिक निकालें, इसे साफ करें और इसे बिना पेंच किए डालें।
•ऑयल लेवल डिपस्टिक निकालें और ऑयल लेवल की जाँच करें।
•यदि जरुरी हो तो, ऑयल को अप्पर लेवल मार्क तक डालें। जरूरत से ज्यादा न भरें।
•जब राइट क्रैंककेस कवर निकाला नहीं गया हो, तो ऑयल बदलते समय ऑयल की मात्रा 0.75 लीटर (लगभग) होती है |
•ऑयल लेवल डिपस्टिक को फिर से इंस्टॉल करें और ऑयल लीक की जांच करें।

**इंजन ऑयल बदलने की प्रक्रिया / ऑयल सर्कुलेशन का निरीक्षण**

इंजन ऑयल को इंजन गर्म करके और वाहन को उसके मैन स्टैंड पर रख कर ड्रेन करें।

- ऑयल को ड्रेन करने के लिए, सीलिंग वॉशर (2) के साथ ऑयल लेवल डिपस्टिक और ड्रेन बोल्ट (1) को निकालें।
- ऑयल पूरी तरह से निकल जाने के बाद, एक नए सीलिंग वॉशर के साथ ड्रेन बोल्ट को फिर से इंस्टॉल करें।




(1) ड्रेन बोल्ट (2) सीलिंग वॉशर

- रेकमेंडेड ग्रेड ऑयल 0.95 लीटर (लगभग) के साथ ऑयल फिलर होल से क्रैंककेस भरें।
- एक नए ओ-रिंग के साथ ऑयल लेवल डिपस्टिक को फिर से इंस्टॉल करें।
- इंजन स्टार्ट करें और इसे कुछ देर आइडल रहने दें।
- इंजन स्टॉप कर दें, इंजन ऑयल रुकने दें और ऑयल लेवल को फिर से देखें।
- जरूर देखें कि ऑयल का लेवल ऑयल लेवल डिपस्टिक पर "अप्पर" लेवल मार्क पर है और वाहन एक सीधी स्थिति में है और कोई ऑयल लीक नहीं है।

**सावधानी**


- **बहुत कम ऑयल में इंजन चलाने से इंजन को बहुत ज्यादा नुकसान हो सकता है।**
- **अत्यधिक ऑयल के साथ इंजन चलाने से स्पार्क प्लग ख़राब हो सकता है और प्रदर्शन में कमी आ सकती है।**
- **इंजन ऑयल इंजन के प्रदर्शन और सर्विस लाइफ पर असर करने वाला एक प्रमुख कारण है। नॉन-डिटर्जेंट, वेजिटेबल या कास्टर पर आधारित रेसिंग ऑयल की मंजूरी नहीं दी जाती है।**

**इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट**

**नोट**

**इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट बदलने के मामले में इंजन ऑयल को अच्छी तरह से निकालें (पेज 34)।**

- तीन माउंटिंग बोल्ट्स (1) निकालें ।




(1) माउंटिंग बोल्ट
(2) इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट कवर


•ओ-रिंग (3) के साथ इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट कवर (2) को निकालें।

•इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट (4) को कवर से निकाल दें।




**(3) ओ-रिंग (4) इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट**

•इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट (4) को बदलें ।




**(4) इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट**

**नोट**

- **जब इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट बदलें तो हमेशा नई ओ-रिंग का इस्तेमाल करें ।**
- **जरूर देखें कि ओ-रिंग सही से बैठी है।**
- **इंस्टालेशन से पहले इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट पर इंजन ऑयल लगाएं।**
- **मेंटेनेंस शेड्यूल में दिए गए अनुसार इंजन ऑयल फिल्टर एलिमेंट का निरिक्षण करे और बदलें ।**

•इंस्टॉल करने के लिए निकालने की प्रक्रिया को उल्टा दोहराएं ।


**ऑयल फिल्टर स्क्रीन**

•पूरी तरह से इंजन ऑयल निकाल लें (पेज 34)।

•साइड स्टैंड स्विच स्क्रू निकालें (1)।


•क्लच केबल को डिस्कनेक्ट करें (2)।

•किक स्टार्टर पेडल (3), मफलर (4), साइड स्टैंड के साथ राइडर फुटरेस्ट असेंबली (5) और राइट क्रैंककेस कवर (6) को निकालें।




**(1) साइड स्टैंड स्विच स्क्रू (2) क्लच केबल**
**(3) किक स्टार्टर पेडल (4) मफलर**
**(5) साइड स्टैंड के साथ राइडर फुटरेस्ट असेंबली**
**(6) राइट क्रैंककेस कवर**

• गैस्केट (7) और डॉवेल पिन (8) को निकालें।
• ऑयल फिल्टर स्क्रीन (9) निकालें और इसे साफ नॉन फ्लेमेबल या हाई फ्लैश प्वाइंट सॉल्वेंट (केरोसिन) से धोएं।




(7) गैस्केट (8) डोवेल पिन्स
(9) ऑयल फिल्टर स्क्रीन

• ऑयल फ़िल्टर स्क्रीन के नुकीले सिरे को अंदर की ओर करके फिर से इंस्टॉल करें।
• डॉवेल पिन, नया गैस्केट, क्रैंककेस कवर, साइड स्टैंड के साथ राइडर फुटरेस्ट असेंबली, एग्जॉस्ट मफलर, किक स्टार्टर पेडल और क्लच केबल को फिर से इंस्टॉल करें।
• साइड स्टैंड स्विच स्क्रू इंस्टॉल करें।
• यदि जरुरी हो, तो क्लच केबल फ्री प्ले को एडजस्ट करें (पेज 40)।
• क्रैंककेस को स्पेसिफिकेशन के अनुसार साफ़ इंजन ऑयल से भरें।

**नोट**

**एक बार निकाले जाने के बाद गैस्केट को नए के साथ बदलना सुनिश्चित करें।**

## एयर क्लीनर


### एयर क्लीनर एलिमेंट का निरीक्षण

एयर क्लीनर विस्कस पेपर प्लीटेड टाइप का फिल्टर है जो फ़िल्टरिंग की कार्यक्षमता को बढ़ाता है।

एयर क्लीनर को नियमित समय पर बदलना चाहिए **(पेज 28)**।


धूल भरी जगह में सवारी करते समय, अधिक बार बदलना जरुरी हो जाता है।

• सीट को निकालें ।**(पेज 20)**





(1) एयर क्लीनर कवर स्क्रू
(2) कवर

• एयर क्लीनर कवर स्क्रू (1) और कवर (2) निकालें।
• एयर क्लीनर एलिमेंट (3) को निकालें ।




(3) एयर क्लीनर एलिमेंट

**! सावधानी**



• **वेट, पेपर प्लीटेड टाइप फ़िल्टर को कभी भी धोएं या साफ न करें। फिल्टर एलिमेंट को हर 15000 km में एक बार बदलें।**
• **अगर यह बहुत गंदा हो जाए, निचली सतह या सीलिंग एरिया पर कुछ नुकसान हो जाए तो इसे पहले ही बदल दें।**

**नोट**


**स्क्रू और कवर लगाने से पहले एयर क्लीनर कवर के टैब्स को अलाइन करें।**

• एक शॉप टॉवल का उपयोग कर के एयर क्लीनर हाउसिंग को साफ करें।
• नया एयर क्लीनर एलिमेंट इंस्टॉल करें।
• एयर क्लीनर एलिमेंट कवर इंस्टॉल करें।
• सीट इंस्टॉल करें **(पेज 20)**।

**एयर क्लीनर ड्रेन ट्यूब प्लग की सफाई**

ड्रेन ट्यूब (1) निकालें और जमा को एक कंटेनर में निकाल दें।

बारिश में या फुल थ्रॉटल में सवारी करते समय ऊपर बताई गयी प्रक्रिया का बार बार पालन करें।




(1) ड्रेन ट्यूब


**वॉल्व क्लियरेंस का एडजस्टमेंट**

ज्यादा वॉल्व क्लियरेंस से आवाज होगी और कम या नो क्लियरेंस वॉल्व को बंद होने से रोकेगा और वॉल्व डैमेज और पावर लॉस का कारण बनेगा । बताए गए अंतराल **(पेज 30)** पर वॉल्व क्लियरेंस की जाँच करें।

**नोट**


**वॉल्व क्लियरेंस की जाँच या एडजस्टिंग इंजन के ठंडा होने पर ही किया जाना चाहिए। इंजन का तापमान बढ़ने पर क्लियरेंस बदल जाएगा ।**

- फ्यूल टैंक को निकालें ।
- बोल्ट्स (2) को निकालकर सिलिंडर के हेड कवर (1) को निकालें ।





**(1) सिलिंडर हेड कवर**
**(2) बोल्ट**

- टाइमिंग होल कैप (3) निकालें। स्पेशल टूल (7) का उपयोग कर के कैम स्प्रॉकेट (6) को क्लॉकवाइस तब तक घुमाएं जब तक कि फ्लाईव्हील पर दिया गया 'T' मार्क (4) लेफ्ट क्रैंककेस कवर पर दिए गए इंडेक्स मार्क (5) के साथ मेल नहीं खाता । इस पोजीशन में, पिस्टन या तो कम्प्रेशन या एग्जॉस्ट स्ट्रोक पर होगा ।





(3) टाइमिंग होल कैप (4) 'T' मार्क
(5) इंडेक्स मार्क




(6) कैम स्प्रॉकेट (7) स्पेशल टूल

एडजस्टमेंट तब किया जाना चाहिए जब पिस्टन टॉप डेड सेंटर पर हो और इनलेट और एग्जॉस्ट वॉल्व दोनों बंद हों।
रॉकर आर्म्स को हिलाने से इस स्थिति का पता लगाया जा सकता है। यदि वे फ्री हैं, तो यह एक संकेत है कि वॉल्व बंद हैं और पिस्टन कम्प्रेशन स्ट्रोक में है।

यदि वे टाइट हैं, तो वॉल्व खुले हैं, कैम स्प्रॉकेट (6) $360^0$ क्लॉकवाइस घुमाएं और इंडेक्स मार्क के साथ 'T' मार्क को फिर से अलाइन करें ।




(8)फीलर गेज (9)एडजस्टिंग स्क्रू
(10)वॉल्व स्टेम (11)लॉक नट

- एडजस्टिंग स्क्रू (9) और वॉल्व स्टेम (10) के बीच फीलर गेज (8) डालकर क्लियरेंस चेक करें।

**स्टैण्डर्ड क्लियरेंस (ठंडी स्थिति में)**

**इनटेक :** 0.08 mm

**एग्जॉस्ट :** 0.12 mm

- लॉक नट (11) को ढीला करके एडजस्ट करें और एडजस्टिंग स्क्रू को तब तक घुमाएं जब तक कि फीलर गेज पर थोड़ा खिंचाव न आए।
- लॉक नट की टाइटनिंग के बाद, फिर से क्लियरेंस की जांच करें ।
- सभी पार्ट्स को डिसअसेंबली के विपरीत क्रम में इंस्टॉल करें।

**नोट**

**फीलर गेज इंसर्ट करने से पहले, फीलर गेज को नुकसान से बचाने के लिए फीलर गेज पर थोड़ा सा इंजन ऑयल लगाएँ।**

**क्लच लीवर फ्री प्ले एडजस्टमेंट**


यदि गियर में शिफ्ट होने पर वाहन रुक जाता है या सरकने लगता है या क्लच स्लिप हो जाता है, जिससे एक्सलरेशन इंजन की गति से पीछे हो जाता है तब क्लच एडजस्टमेंट की आवश्यकता हो सकती है।

सामान्य क्लच लीवर फ़्री प्ले (1) लीवर (2) पर 10-20 mm है।




(1) फ्री प्ले: 10-20 mm (2) क्लच लीवर

- फ़्री प्ले को एडजस्ट करने के लिए, लॉक नट (3) को ढीला करें। सही फ़्री प्ले प्राप्त करने के लिए एडजस्टिंग नट (4) को घुमाएँ। लॉक नट को कस लें और एडजस्टमेंट की जाँच करें।




(3) लॉक नट (4) क्लच केबल एडजस्टिंग नट
(A) फ्री प्ले कम करना (B) फ्री प्ले बढ़ाना

- इंजन स्टार्ट करें, क्लच लीवर दबाएँ और गियर में शिफ्ट करें। सुनिश्चित करें कि इंजन रुकता नहीं है, और वाहन सरकता नहीं है। क्लच लीवर को धीरे-धीरे छोड़ें और थ्रॉटल को खोलें। वाहन स्मूथली स्टार्ट और एक्सलरेट होना चाहिए ।

**अन्य जाँच**

- क्लच केबल की जाँच करें कि कहीं उसमें गाँठ या वियर के निशान तो नहीं, जो चिपकने या खराब होने के कारण हो सकते हैं।
- क्लच केबल के मॉडल की जाँच करें। जेन्युइन क्लच केबल्स का इस्तेमाल करें।
- क्लच केबल रूटिंग की जाँच करें।


**नोट**

**यदि सही एडजस्टमेंट प्राप्त नहीं हो सकता या क्लच ठीक से काम नहीं करता है, तो अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।**

**थ्रॉटल ऑपरेशन**

**केबल का निरिक्षण**


फुल्ली ओपन से फुल्ली क्लोज्ड पोज़िशन में थ्रॉटल ग्रिप के स्मूथ रोटेशन की जाँच करें। फुल्ली लेफ्ट और फुल्ली राइट स्टीयरिंग पोज़िशन की जाँच करें। थ्रॉटल ग्रिप डाउन से थ्रॉटल बॉडी तक थ्रॉटल केबल का निरिक्षण करें। यदि केबल किंक है, फटा हुआ है या गलत तरीके से रूट किया गया है, तो इसे बदलना या फिर से रूट किया जाना चाहिए। ग्रिप रोटेशन का स्टैंडर्ड थ्रॉटल ग्रिप फ्री प्ले लगभग 2-6 mm है।




**(1) फ्री प्ले: 2-6 mm**

**फ्री प्ले एडजस्टमेंट**

बूट (2) को स्लाइड करें, लॉक नट (3) को ढीला करें और एडजस्टर (4) को घुमाएं।




**(2) बूट (3) लॉक नट (4) एडजस्टर**
**(A) फ्री प्ले कम करना (B) फ्री प्ले बढ़ाना**

**ड्राइव चैन का स्लैकनेस**


ड्राइव चैन की सर्विस लाइफ़ उचित लुब्रिकेशन और एडजस्टमेंट पर निर्भर करती है।

खराब मेंटेनेंस से ड्राइव चैन और स्प्रॉकेट समय से पहले वियर या ख़राब हो सकते हैं।

प्री-राइड इंस्पेक्शन **(पेज 22)** के पार्ट के रूप में ड्राइव चैन (1) की जाँच और लुब्रिकेट किया जाना चाहिए। अधिक इस्तेमाल होने पर, या जब वाहन विशेष रूप से धूल भरी जगहों में चलाया गया है तब बार बार मेंटेनेंस की आवश्यकता होगी।

**निरिक्षण**


- इंजन को "ऑफ" करें, वाहन को उसके मेन स्टैंड पर पार्क करें और ट्रांसमिशन को न्यूट्रल में शिफ्ट करें। होल कैप (2) निकालें।
- ड्राइव चैन स्लैक (3) को हाथ से लगभग 30 mm वर्टीकल मूवमेंट करने के लिए एडजस्ट किया जाना चाहिए।




**(1) ड्राइव चैन** **(2) होल कैप**
**(3) ड्राइव चैन स्लैक : 30 mm**


व्हील को घुमाएँ और व्हील के घूमने पर ड्राइव चैन स्लैक (ढीलेपन) की जाँच करें। व्हील के घूमने के साथ ड्राइव चैन की ढील स्थिर रहना चाहिए।

यदि चैन एक सेक्शन में ढीली है और दूसरे में टाइट है, तो कुछ कड़ियाँ जकड़ी और बंधी हुई हैं। बार-बार लुब्रिकेशन कर के जकड़न को समाप्त किया जा सकता है।




**(4) चैन लॉक प्लेट** **(5) ओपन एन्ड**

- चैन लॉक प्लेट (4) को होल के अंदर देखने के लिए चैन को घुमाएँ। देख लें कि चैन लॉक प्लेट ओपन एंड (5) चैन रोटेशन की विपरीत दिशा में इंस्टॉल किया हुआ है।





- वियर या डैमेज के लिए स्प्रॉकेट टीथ का निरीक्षण करें।
- यदि ड्राइव चैन या स्प्रॉकेट अत्यधिक वॉर्न (घिसे हुए) या डैमेज हो गए हैं, तो उन्हें रिप्लेस कर दिया जाना चाहिए। घिसे हुए स्प्रॉकेट के साथ नई चैन का कभी भी उपयोग न करें क्योंकि इससे चैन जल्दी घिस जाएगी।


**एडजस्टमेंट**

- ट्रांसमिशन को न्यूट्रल में कर के वाहन को उसके मेन स्टैंड पर पार्क करें और इग्निशन स्विच को "ऑफ" पोज़िशन में रखें।
- रियर एक्सल नट (1) और स्लीव नट (2) को ढीला करें। दोनों ड्राइव चैन लॉक नट (3) को ढीला करें।
- दोनों एडजस्टिंग नट (4) को समान नंबर में तब तक घुमाएं करें, जब तक कि सही ड्राइव चैन स्लैक मिल न जाए।

चैन की ढील को कम करने के लिए एडजस्टिंग नट को क्लॉकवाइज या बढ़ाने के लिए एंटीक्लॉकवाइज घुमाएं।




**(1) रियर एक्सल नट**




**(2) स्लीव नट (3) ड्राइव चैन लॉक नट (4) ड्राइव चैन एडजस्टिंग नट (5) इंडेक्स मार्क (6) स्केल ग्रेजुएशन**

- चैन एडजस्टर इंडेक्स मार्क (5) को संबंधित स्केल ग्रेजुएशन (6) के साथ स्विंग आर्म के दोनों किनारों पर समान रूप से अलाइन करें।
- यदि रियर एक्सल को एडजस्टमेंट की सबसे दूर की सीमा तक ले जाने पर ड्राइव चैन स्लैक अधिक होता है, तो ड्राइव चैन खराब हो जाती है और उसे बदला जाना चाहिए। रियर एक्सल नट और स्लीव नट को कस लें।
  - **रियर एक्सल नट टॉर्क: 5.4 kgf-m.**
  - **स्लीव नट टॉर्क: 4.4 kgf-m.**
- ड्राइव चैन स्लैक को फिर से चेक करें।
- ड्राइव चैन स्लैक को एडजस्ट करने के लिए जब रियर व्हील की स्थिति बदलते हैं तो रियर ब्रेक पेडल फ्री प्ले और स्टॉप लैंप स्विच फ्री प्ले प्रभावित होते हैं। रियर ब्रेक पेडल फ्री प्ले की जाँच करें और आवश्यकतानुसार एडजस्ट करें **(पेज 47)**।

**लुब्रिकेशन**

- इंजन को "ऑफ" करें, वाहन को उसके मेन स्टैंड पर पार्क करें और ट्रांसमिशन को न्यूट्रल में शिफ्ट करें।
- SAE#90 ऑयल की लिबरल मात्रा लगा कर ड्राइव चैन को लुब्रिकेट करें।

**! सावधानी**

**मेंटेनेंस शेड्यूल के अनुसार नियमित एडजस्टमेंट और लुब्रिकेशन लंबे समय तक अच्छे प्रदर्शन को सुनिश्चित करेगा।**


**नोट**


**प्रत्येक 2000 किमी पर ड्राइव चैन का निरीक्षण, सफाई, लुब्रिकेशन और एडजस्टमेंट के लिए अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप पर जाएँ।**

**ड्राइव चैन स्लाइडर का निरीक्षण**

**(पेज 29)** पर "मेंटेनेंस शेड्यूल" देखें।)

वियर के लिए ड्राइव चैन स्लाइडर (1) की जाँच करें, अगर यह कटआउट के नीचे से घिसे हुए है या वियर लिमिट (2) तक पहुँच जाता है तो चैन स्लाइडर को बदलना चाहिए। बदलने के लिए, अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।




(1) ड्राइव चैन स्लाइडर (2) वियर लिमिट

**ब्रेक्स**

**ब्रेक्स (इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम)**

ब्रेक्स अपनी खुद की सुरक्षा की वस्तुएँ हैं और इन्हें हमेशा उचित एडजस्टमेंट के साथ बनाए रखा जाना चाहिए। जब कोई इंटीग्रेटेड/रियर ब्रेक पेडल लगाता है, तो दोनों एक साथ फ्रंट और रियर ब्रेक्स एक्टिवेट हो जाते हैं।


**(a) फ्रंट ब्रेक का निरीक्षण (डिस्क टाइप)**

**मास्टर सिलिंडर/रिजर्वायर.**


**स्थान: राइट हैंडल बार।**

रेकमेंडेड ब्रेक फ्लुइड : DoT 3 या DoT 4

फ्लुइड लेवल - सुनिश्चित करें कि जमीन के समानांतर मास्टर सिलिंडर से चेक किया जाने पर ब्रेक फ्लुइड लेवल मास्टर सिलिंडर पर "MIN" मार्क (1) से नीचे न आए। पैड वियर की भरपाई के लिए पिस्टन मूवमेंट के कारण लेवल धीरे-धीरे कम हो जाता है। यदि लेवल अचानक कम हो जाता है, तो ब्रेक सिस्टम में लीकेज की जाँच करें और अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से संपर्क करें।




(1) "MIN" मार्क




(2) ब्रेक पैड (3) कैलिपर (4) डिस्क

**नोट**


- **ब्रेक पैड्स (2), कैलिपर (3) और डिस्क (4) के बीच की गंदगी और कीचड़ को वाटर जेट से साफ करें।**
- **जब जरूरी हो मास्टर सिलिंडर की रिफिलिंग के लिए हमेशा अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से संपर्क करें। DoT 3 और DoT 4 ब्रेक फ्लुइड को न मिलाएं।**

**(b) ब्रेक पैड वियर (डिस्क टाइप)**

ब्रेक पैड वियर उपयोग करने का तरीका, सवारी का प्रकार और सड़क की स्थिति पर निर्भर करता है। आमतौर पर, गीली और गंदी सड़कों पर पैड तेजी से घिसेंगे। प्रत्येक नियमित मेंटेनेंस इंटरवल पर पैड का निरीक्षण करें।

**निरिक्षण**

- हर पैड पर वियर इंडिकेटर ग्रूव्ज़ (1) की जाँच करें।
- हर पैड पर वियर लिमिट ग्रूव्ज़ की जाँच कर के ब्रेक पैड को वियर के लिए जाँचें।




(1) वियर इंडिकेटर ग्रूव


- अगर ग्रूव के नीचे से पैड खराब हो गए हों तो उन्हें बदल दें।
- दोनों पैड को हमेशा एक सेट के रूप में बदलें।
- ब्रेक पैड बदलने के लिए अपने अधिकृत हीरो मोरोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।

**चेतावनी**

**वाहन के फिसलने से बचने के लिए हमेशा फ्रंट और रियर ब्रेक को एक साथ लगाएं।**

**(c) फ्रंट ब्रेक का निरिक्षण (ड्रम टाइप)**

हर ब्रेक लगने से पहले की दूरी, फ्रंट ब्रेक लीवर (1) और इंटीग्रेटेड ब्रेक पेडल (2) को फ्री प्ले (3) कहा जाता है।





(1) फ्रंट ब्रेक लीवर
(3) फ्री प्ले: 10-20 mm




(2) इंटीग्रेटेड/रियर ब्रेक पेडल
(3) फ्री प्ले : 20-30 mm

**"F" साइड पर एडजस्टमेंट फ्रंट ब्रेक केबल (A)**

- दिखाए गए डायरेक्शन में इंटीग्रेटेड ब्रेक आर्म (4) को हाथ से धक्का दें।
- पहले एडजस्टर नट (5) को तब तक घुमाएं जब तक यह हाथ से घूमना बंद ना हों ।




(4) इंटीग्रेटेड ब्रेक आर्म (5) पहला एडजस्टर नट
(I) फ्री प्ले कम करना (ii) फ्री प्ले बढ़ाना


- फ्रंट ब्रेक लीवर के फ्री प्ले की जाँच करें।

  **फ्री प्ले : 10-20 mm**
- यदि फ्री प्ले स्पेसिफ़िकेशन के अनुसार नहीं है तो आवश्यक फ्री प्ले प्राप्त करने के लिए एडजस्टर नट घुमाएं ।

**"C" साइड पर इंटीग्रेटेड ब्रेक केबल (B) एडजस्टमेंट**

- दिखाए गए डायरेक्शन में इंटीग्रेटेड ब्रेक आर्म (4) को हाथ से धक्का दें।
- दूसरे एडजस्टर नट (6) को तब तक घुमाएं जब तक कि जॉइंट (7) और इंटीग्रेटेड ब्रेक आर्म में पहली तरफ के स्लॉट के बीच एक गैप न बन जाए।
- गैप बन जाने के बाद, दूसरे एडजस्टर नट को काउंटरक्लॉकवाइज हाफ रोटेशन घुमाएं।
- रियर ब्रेक लीवर के फ्री प्ले की जाँच करें।

  **फ्री प्ले : 20-30 mm**
- यदि फ्री प्ले स्पेसिफ़िकेशन के अनुसार नहीं है तो आवश्यक फ्री प्ले प्राप्त करने के लिए एडजस्टर नट घुमाएं ।




(6) दूसरा एडजस्टर नट (7) जॉइंट
(i) फ्री प्ले कम करना (ii) फ्री प्ले बढ़ाना

> **नोट**
>
> **इंटीग्रेटेड ब्रेक आर्म पर "F" और "C" मार्क है।**

## (d) रियर ब्रेक का निरीक्षण एडजस्टमेंट


- वाहन को उसके मेन स्टैंड पर पार्क करें।
- ब्रेक लगना शुरू होने तक ब्रेक पेडल (1) द्वारा तय की गयी दूरी को नापे ।
  फ्री प्ले (2) 20-30 mm होना चाहिए।





**(1) रियर ब्रेक पेडल (2) फ्री प्ले: 20-30 mm**

- यदि एडजस्टमेंट आवश्यक है, तो रियर ब्रेक एडजस्टिंग नट (3) को घुमाएं ।
- जरूर देखें कि एडजस्टिंग नट का कट-आउट फाइनल एडजस्टमेंट के बाद ब्रेक जॉइंट पिन (4) पर बैठा है।
- बार बार ब्रेक लगाएं और छोड़ने पर फ्री व्हील रोटेशन की जाँच करें।

**CW- क्लॉकवाइज़, ACW- एंटीक्लॉकवाइज़**





**(3) एडजस्टिंग नट (4) ब्रेक जॉइंट पिन**




**(3) एडजस्टिंग नट (4) ब्रेक जॉइंट पिन**


> **नोट**
>
> **यदि सही एडजस्टमेंट प्राप्त नहीं हो सकता, तो अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।**

**(e) ब्रेक वियर इंडीकेटर्स**
**फ्रंट ब्रेक वियर इंडिकेशन (ड्रम टाइप)**




**(1)एरो** **(2)ब्रेक आर्म**
**(3)रेफेरेंस मार्क** **(4)ब्रेक पैनल**

**रियर ब्रेक वियर इंडिकेशन**




**(1)एरो** **(2)ब्रेक आर्म**
**(3)रेफेरेंस मार्क** **(4)ब्रेक पैनल**

जब ब्रेक लगाया जाता है, तो एक एरो (1), ब्रेक आर्म (2) पर लगा होता है, जो ब्रेक पैनल (4) पर एक रेफेरेंस मार्क (3) की ओर बढ़ता है।

यदि पूरा ब्रेक लगाने पर एरो मार्क रेफेरेंस मार्क के साथ मिल जाता है, तो ब्रेक शूज़ को बदल दिया जाना चाहिए।

**सस्पेंशन**

**फ्रंट और रियर सस्पेंशन का निरिक्षण**

- फ्रंट ब्रेक को लॉक कर के फ्रंट फोर्क को ऊपर की ओर से नीचे की ओर जोर से पंप कर के फ्रंट फोर्क्स की जांच करें। सस्पेंशन स्मूथ होना चाहिए और कोई ऑयल लीकेज नहीं होना चाहिए।





- जब वाहन स्टैंड पर खड़ा न हो तो रियर ग्रिप पर नीचे की ओर जोर से धक्का देकर रियर शॉक एब्जॉर्बर की जाँच करें। सस्पेंशन स्मूथ होना चाहिए और कोई ऑयल लीकेज नहीं होना चाहिए।

**रियर शॉक एब्जॉर्बर एडजस्टमेंट**

रियर शॉक एब्जॉर्बर एडजस्टमेंट 1st से 5th तक किसी भी स्थिति में लोड/सड़क की स्थिति या उपयोगकर्ता की जरूरत के अनुसार किया जा सकता है।

**रेकमेंड एडजस्टमेंट**

- सोलो राइडर : 2nd पोजीशन
- राइडर + पिलियन : 5th पोजीशन




(1) रियर शॉक एब्जॉर्बर (2) पिन स्पैनर
(A) सख्त (B) नरम

- दिशा A में: सख्त
- दिशा B में: नरम

**नोट**


**दोनों रियर शॉक एब्जॉर्बर को हमेशा एक ही पोजीशन पर एडजस्ट करें। रियर शॉक एब्जॉर्बर (1) को एडजस्ट करने के लिए टूल किट में उपलब्ध रियर शॉक एब्जॉर्बर एडजस्टमेंट टूल (पिन स्पैनर) (2) का इस्तेमाल करें।**

**व्हील**

**(a) फ्रंट व्हील (डिस्क टाइप)**

**निकालना**

- वाहन को मेन स्टैंड पर सावधानी से खड़ा करें और फ्रंट व्हील को जमीन से ऊपर उठाएं।
- स्पीडोमीटर केबल (1) को टैब (2) दबाकर और केबल को स्पीडोमीटर गियरबॉक्स से बाहर खींचकर निकालें।
- फ्रंट एक्सल नट (3) निकालें।
- एक्सल (4) और व्हील को निकालें।
- व्हील से साइड कॉलर (5) निकालें।




(1) स्पीडोमीटर केबल (2) टैब (3) एक्सल नट
(4) एक्सल (5) साइड कॉलर

**! सावधानी**

**जब व्हील निकाला जाता है तो फ्रंट ब्रेक लीवर को ऑपरेट न करें।**

**इंस्टॉलेशन**

- व्हील हब के राइट साइड पर साइड कॉलर (1) इंस्टॉल करें और फिर व्हील हब के लेफ्ट साइड पर स्पीडोमीटर ड्राइव गियर (2) इंस्टॉल करें।
- पैड को डैमेज होने से बचाने के लिए स्पीडोमीटर गियर बॉक्स के स्लॉट को फोर्क लेग पर लगे लग और ब्रेक पैड के बीच डिस्क के साथ अलाइन करके फ्रंट व्हील को फोर्क लेग्स के बीच रखें। फोर्क लेग्स और व्हील हब के राइट साइड से एक्सल डालें ।
- फ्रंट एक्सल नट को स्पेसिफाइड टॉर्क तक कस लें।

  **टॉर्क : 5.0-6.0 kgf-m**








(1) साइड कॉलर (2) स्पीडोमीटर ड्राइव गियर

- व्हील को लगाने के बाद बार बार ब्रेक लगाएं और फिर जाँचें कि व्हील फ़्री घूम रहा है या नहीं। यदि ब्रेक खिंचता है या व्हील फ़्री नहीं घूम रहा है तो व्हील को फिर से जाँचें ।

**(b) फ्रंट व्हील (ड्रम टाइप)**

**निकालना**

- वाहन को मेन स्टैंड पर सावधानी से खड़ा करें और फ्रंट व्हील को जमीन से ऊपर उठाएं।
- स्पीडोमीटर केबल (1) को टैब (2) दबाकर और केबल को स्पीडोमीटर गियरबॉक्स से बाहर खींचकर निकालें।
- फ्रंट ब्रेक एडजस्टिंग नट (7) और इंटीग्रेटेड ब्रेक एडजस्टिंग नट (8) को निकाल कर इंटीग्रेटेड ब्रेक आर्म (5) और ब्रेक पैनल (6) से फ्रंट ब्रेक केबल (3) और इंटीग्रेटेड ब्रेक केबल (4) को डिस्कनेक्ट करें।





(1) स्पीडोमीटर केबल (2) टैब
(3) फ्रंट ब्रेक केबल (4) इंटीग्रेटेड ब्रेक केबल
(5) ब्रेक आर्म (6) ब्रेक पैनल
(7) फ्रंट ब्रेक एडजस्टिंग नट
(8) इंटीग्रेटेड ब्रेक एडजस्टिंग नट
(9) एक्सल नट (10) एक्सल (11) साइड कॉलर

- एक्सल नट (9) निकालें।
- एक्सल (10) और साइड कॉलर (11) को निकालें।
- व्हील निकालें।

**इंस्टॉलेशन**

- इंस्टॉल करने के लिए निकालने की प्रक्रिया को उल्टा दोहराएं।
- फ्रंट व्हील को यह सुनिश्चित कर के इंस्टॉल करें कि लेफ़्ट फोर्क पर दिया हुआ लग (12) ब्रेक पैनल पर दिए गए स्लॉट (13) में स्थित है।
- एक्सल नट को कस लें।

**एक्सल नट टॉर्क : 5.4 Kgf-m**





(12) लग (13) स्लॉट

- फ्रंट ब्रेक फ्री प्ले और इंटीग्रेटेड ब्रेक फ्री प्ले को एडजस्ट करें **(पेज 46)**।
- व्हील लगाने के बाद, बार बार ब्रेक लगाएं और छोड़ने के बाद व्हील के फ्री रोटेशन की जाँच करें।


## (c) रियर व्हील

### निकालना

- वाहन को मेन स्टैंड पर सावधानी से खड़ा करें और रियर व्हील को जमीन से ऊपर उठाएं।
- रियर ब्रेक एडजस्टिंग नट (1) को निकालें और ब्रेक पैडल को दबाकर ब्रेक रॉड (2) को ब्रेक आर्म (3) से डिस्कनेक्ट कर दें। स्प्लिट पिन (6) और लॉक नट (7) को निकाल कर ब्रेक पैनल (5) से ब्रेक स्टॉपर आर्म (4) को डिस्कनेक्ट करें।
- रियर एक्सल नट (8) निकालें।
- एक्सल (9) और कॉलर (10) को बाहर निकालें।
- व्हील निकालें।




(1) रियर ब्रेक एडजस्टिंग नट (2) ब्रेक रॉड
(3) ब्रेक आर्म (4) ब्रेक स्टॉपर आर्म
(5) ब्रेक पैनल (6) स्प्लिट पिन (7) लॉक नट




(8) एक्सल नट (9) एक्सल (10) कॉलर

### इंस्टॉलेशन

- इंस्टॉल करने के लिए निकालने की प्रक्रिया को उल्टा दोहराएं।

**एक्सल नट टॉर्क: 5.4 kgf-m.**
**ब्रेक स्टॉपर आर्म नट टॉर्क: 2.2 kgf-m**

• रियर ब्रेक फ्री प्ले **(पेज 47)** और ड्राइव चैन स्लैकनेस **(पेज 41)** को एडजस्ट करें।
• व्हील को लगाने के बाद बार बार ब्रेक लगाएं और छोड़ने के बाद व्हील फ्री घूम रहा है या नहीं जाँच करें।

**! सावधानी**

**हमेशा नई स्प्लिट पिन का इस्तेमाल करें ।**

**मेन / साइड स्टैंड का लुब्रिकेशन**

• वाहन को समतल सतह पर पार्क करें।
• टेंशन या डैमेज के लिए मेन/साइड स्टैंड रिटर्न स्प्रिंग की जाँच करें।
• स्वतंत्र रूप से मूवमेंट के लिए मेन स्टैंड (1)/साइड स्टैंड (2) की जाँच करें।
• साइड स्टैंड पिवट बोल्ट (3) और रियर ब्रेक पेडल/मेन स्टैंड पिवट (4) को साफ करें और लुब्रिकेट करें।
• जरूर देखें कि साइड/मेन स्टैंड बेंट तो नहीं हुआ है।




**(1) मेन स्टैंड** **(2) साइड स्टैंड**
**(3) साइड स्टैंड पिवट बोल्ट**
**(4) रियर ब्रेक पैडल / मेन स्टैंड पिवट**

**ट्यूबलेस टायर्स**

आपके वाहन पर लगे टायर्स ट्यूबलेस टाइप के हैं।
अपने वाहन को सुरक्षित रूप से संचालित करने के लिए, आपके टायर उचित टाइप और साइज़ के होने चाहिए, अच्छी स्थिति में मजबूत चलने के साथ, और वाहन के द्वारा उठाए जा रहे भार के लिए सही तरीके से फुले होने चाहिए।
निम्नलिखित पेजेस इस बारे में अधिक जानकारी देते हैं कि एयर प्रेशर की जाँच कैसे और कब की जाए, डैमेज के लिए अपने टायरों का निरीक्षण कैसे करें, और जब आपके टायरों को मरम्मत या बदलने की आवश्यकता हो तो क्या करें।

| | |
|---|---|
| **फ्रंट** | 80/100-18-47P (ट्यूबलेस टायर्स) |
| **रियर** | 80/100-18-54P (ट्यूबलेस टायर्स) |

**! चेतावनी**

• **अत्यधिक घिसे हुए या अनुचित तरीके से फुलाए गए टायर्स का इस्तेमाल करने से दुर्घटना हो सकती है जिसमें आप गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या जान जा सकती हैं।**
• **टायर्स को फुलाने और मेंटेनेंस के संबंध में इस ओनर्स मैन्युअल में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें।**

**एयर प्रेशर**

अपने टायर्स को ठीक से फुलाकर रखने से हैंडलिंग, ट्रेड लाइफ और आरामदायक सवारी का सबसे अच्छा संयोजन मिलता है।
आम तौर पर, कम फुलाए हुए टायर्स असमान रूप से घिसते हैं, हैंडलिंग पर प्रभाव डालते हैं और अधिक गरम होने से खराब होने की संभावना अधिक होती है।
कम फुलाए हुए टायर्स पथरीले इलाकों में भी व्हील को डैमेज कर सकते हैं।

अधिक हवा भरे गए टायर्स आपके वाहन की सवारी को कठोर बनाते हैं, सड़क के खतरों से नुकसान की संभावना अधिक होती है, और असमान रूप से घिसते हैं।

